● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 180, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 09 अगस्त 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राहुल के समर्थन में आये शशि थरूर 5

गिल को सौंपी गई नार्थ जोन टीम की कमान 6



## स्वदेशी अभियान के जरिये हम बनायेंगे एक बेहतर कल : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने रायसेन में 416 करोड़ की औद्योगिक इकाइयों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वदेशी अभियान के जरिए हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत और बेहतर भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायसेन जिले में हो रहा औद्योगिक निवेश मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को एक नया आयाम देगा। यह न केवल स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगा, बल्कि यहां की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और गतिशील भी बनायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रायसेन जिले के ग्राम तामोट में 416 करोड़ रुपये की लागत वाली नवीन औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 300 करोड़ रू लागत से 12 हैक्टेयर में 06 नवीन औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन हुआ और 116 करोड़ रू लागत की 06 इकाइयों का



लोकार्पण हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी औद्योगिक परियोजनाओं से हजारों स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से स्थाई रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। राज्य में स्वदेशी अभियान के तहत स्थानीय संसाधनों और प्रतिभाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शनिवार को रक्षाबंधन है। हमारी परंपरा यत् पिंडे तत् ब्रह्मांडे जैसी है। अब दुनिया रिसर्च करके हमारी परंपराओं को जान रही है। उन्होंने कहा कि जिन अंग्रेजों ने कभी हमारे भारत पर 300 वर्ष तक शासन किया, अब हमारी कंपनियां उन्हीं को नौकरी पर रख रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश-प्रदेश को अनेकों सौगातें मिली हैं। भारतीय रेलवे ने अभूतपूर्व प्रगति की है। देश में वंदेभारत ट्रेन और मेट्रो का नेटवर्क बना है। अब भोपाल के पास उमरिया गांव में रेलवे के आधुनिक और मेट्रो ट्रेन के कोच बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त को केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह बीईएमएल रोलिंग स्टॉक फैक्ट्री का भूमिपूजन करेंगे, जो मध्य भारत में ट्रेन कोचेस के निर्माण का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 अगस्त को पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन करने मध्यप्रदेश (धार) आने वाले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 300 करोड़ रुपये की लागत से 12 हेक्टेयर रकबे में 6 नई औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन हुआ है, जिसमें जेबीएम ऑटो, बालाजी रोटोमैक आदि शामिल हैं। इनसे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दो नई औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र बांटे गए हैं, जिनमें लगभग 150 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश का समय बदला है। पहले जहां नाली-सड़क और बिजली के खंबे जैसे कामों का लोकार्पण होता था, वहीं अब रोजाना नये-नये उद्योगों का भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर देश के समक्ष का समय है, परन्तु भारत दुनिया के किसी देश के आगे नहीं झुकेगा। हम सदैव भारत प्रथम की नीति पर चलेंगे।

## पीएम मोदी ने की रूस के राष्ट्रपति से बात

### द्विपक्षीय सम्मेलन में भारत आने का दिया न्योता

**नई दिल्ली।** रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को फोन पर बात की। इस दौरान पुतिन ने पीएम मोदी को यूक्रेन युद्ध को लेकर जानकारी दी। पीएम मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के रुख को दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत-रूस साझेदारी को मजबूत करने पर भी बात की। वहीं पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को इस साल के अंत में वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भारत आने का न्योता दिया। यह बातचीत इसलिए भी अहम है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत



अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन पर नवीनतम घटनाक्रम साझा करने के लिए उनका धन्यवाद किया।

हमने अपने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस वर्ष के अंत में भारत में राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हूं। पीएम नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच बातचीत ऐसे वक्त में हुई जब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल मॉस्को के दौरे पर हैं। उन्होंने गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। उन्होंने रूस के साथ सभी मोर्चों पर सहयोग जारी रखने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत आने का निमंत्रण दिया था, जिसे पुतिन ने स्वीकार कर लिया।

इससे पहले गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी को ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा का फोन आया था। कॉल के दौरान प्रधानमंत्री ने पिछले महीने अपनी ब्राजील यात्रा का जिक्र किया था। तब दोनों नेताओं ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों में सहयोग को मजबूत करने की रूपरेखा पर सहमति जताई थी। इन चर्चाओं के आधार पर उन्होंने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है : शाह

**सीतामढ़ी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। सीएम नीतीश कुमार शिलान्यास व भूमि पूजन में उनके साथ रहे। शाह ने सीतामढ़ी से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लालू प्रसाद पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू लालू एंड कंपनी पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही है। मैं पूछने आया हूं मिथिलांचल वालों से कि मोदी जी को आतंकवादी को जवाब देना चाहिए या नहीं चाहिए? ऑपरेशन सिंदूर करना चाहिए या



नहीं चाहिए? लालू एंड कंपनी को मालूम नहीं है कि नरेंद्र मोदी की सरकार है, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार है। यहां पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है।

इतना ही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर भी जमकर बोला। उन्होंने कहा कि राहुल जी, बंद कीजिए वोट बैंकों की राजनीति। मतदाता पुनरीक्षण पहली बार नहीं हो रहा। आपके परनाना नेहरु जी ने पहली बार किया था। 2003 अंतिम बार हुआ था। पहले से ही बिहार चुनाव हारने का बहाना तैयार कर रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव के बाद तेजस्वी यादव पर भी जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि मैं आज यहां तेजस्वी यादव से पूछने आया हूं कि आपके पिताजी और माताजी का कई साल शासन रहा। गुंडई करने और अपहरण-फिरौती के अलावा मिथिलांचल के विकास के लिए दोनों ने क्या किया? मैंने तो मोदीजी की ओर से अपने पाई-पाई का हिसाब दे दिया है।

## संपत्ति विवाद में सैफ अली खान के परिवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** भोपाल रियासत की संपत्ति को लेकर छिड़े विवाद में मशहूर अभिनेता सैफ अली खान के परिवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर नोटिस जारी किया है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने भोपाल रियासत के अंतिम नवाब मोहम्मद हमीदुल्ला खान की संपत्ति विवाद को नये सिरे से सुनवाई के लिए निचली अदालत को भेजने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल चंदुरकर की पीठ ने नवाब हमीदुल्ला खान के बड़े भाई के वंशज उमर फारुक अली और राशिद अली की याचिका पर नोटिस जारी किया।

## शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें या फिर देश से माफी मांगें

### राहुल को चुनाव आयोग की दो टूक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पलटवार किया है। राहुल ने बीते दिन चुनाव आयोग पर वोट चोरी और भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया था। इस पर चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि अगर कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता अपने विश्लेषण पर विश्वास करते हैं और मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर राहुल ऐसा नहीं करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण, निष्कर्षों और बेतुके आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। इसलिए उनके पास दो विकल्प हैं- या तो घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें या चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें।

इससे पहले कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी के राहुल के आरोपों का संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें शपथ-पत्र देकर सबूत पेश करने को कहा था। इसके अलावा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में धोखाधड़ी के राहुल के आरोपों के संबंध में वहां के राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विपक्ष के नेता से एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने और मतदाता सूची में कथित रूप से मतदाताओं के नाम शामिल करने या हटाने के प्रमाण प्रदान करने को भी कहा था।

इससे पहले बीते दिन दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया था कि भारत के चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना तीसरा कार्यकाल मिला। राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी सिर्फ 25 सीटों के अंतर से प्रधानमंत्री बने। चुनाव आयोग भाजपा को भारत में चुनावी व्यवस्था को नष्ट करने में मदद कर रहा है।

## रक्षाबंधन पर केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दे दी। रक्षाबंधन से ठीक पहले लिए गए इस फैसले से 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कैबिनेट में लिए इन फैसलों की जानकारी दी। देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए मई 2016 में पीएमयूवाई योजना शुरू की गई थी।

## वकीलों की दलीलें और न्याय का अनुभव हमेशा याद रहेगा : धूलिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया ने शुक्रवार को अपने विदाई समारोह के दौरान बेहद भावुक अंदाज में कोर्ट और देश के प्रति अपने जुड़ाव को बयां किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी ने पूछा कि क्या चीज सबसे ज्यादा याद आएगी? इसपर मैंने जवाब दिया- मेरा हिंदुस्तान। इससे उनका इशारा था देश की विविधता की ओर जो सुप्रीम कोर्ट में हर दिन वकीलों की दलीले होती हैं या फिर केसों के जरिए, वहां जो माहौल दिखाई देता है। जस्टिस धूलिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट एकमात्र ऐसा मंच है, जहां देशभर से केस और वकील आते हैं। उन्होंने कहा कि हर सुबह मुझे मेरा हिंदुस्तान सामने दिखता था। उसकी विविधता, तर्क और सोच। अब यह सब छूट जाएगा, यही सबसे बड़ा अफसोस रहेगा। यह भावुक बयान सुनकर कोर्ट रूम में सन्नाटा और सम्मान का माहौल बन गया। चीफ जस्टिस बी आर गवई ने जस्टिस धूलिया की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ठोस और सोच-समझकर फैसले दिए।

## प्रसून जोशी-संजय लीला भंसाली को राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग ने वर्ष 2024 एवं 2025 के लिए आठ राष्ट्रीय सम्मानों की घोषणा की है। विभाग के संचालक एनपी नामदेव ने गुरुवार को इस संबंध में जानकारी दी। इनमें राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान, राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान, राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान, राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान, राष्ट्रीय निर्मल वर्मा सम्मान, राष्ट्रीय फादर कामिल बुलके सम्मान, राष्ट्रीय गुणाकर मुले सम्मान और राष्ट्रीय हिंदी सेवा सम्मान शामिल हैं। राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान



28 सितंबर 2025 को इंदौर में दिया जाएगा, जबकि राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान 13 अक्टूबर 2025 को खंडवा में प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान 2 अक्टूबर 2025 को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। अन्य राष्ट्रीय सम्मान हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर 2025 को भोपाल में सम्मान समारोह में प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान के विजेताओं को 20 लाख रुपये और अन्य सम्मानों के विजेताओं को 5 लाख रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। वर्ष 2024 में गीत लेखन के लिए राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान प्रसून जोशी, दिल्ली को मिलेगा, जबकि 2025 में यह सम्मान निर्देशन के लिए संजय लीला भंसाली, मुंबई को प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार वर्ष 2024 का राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान संगीत निर्देशन के लिए शंकर-एहसान-लॉय, मुंबई को और 2025 का पार्श्व गायन के लिए सोनू निगम, मुंबई को दिया जाएगा। राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान वर्ष 2024 में आनंदधाम, भोपाल को और 2025 में पुनरुत्थान समरसता गुरुकुलम, पुणे को दिया जाएगा। राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान 2024 में प्रशांत पोळ, जबलपुर को और 2025 में लोकेन्द्र सिंह राजपूत, भोपाल को प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार हिंदी सॉफ्टवेयर, वेब डिजाइनिंग, डिजिटल प्रौद्योगिकी, सोशल मीडिया आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है।

## 2019 में कांग्रेस फर्जी वोटों के चलते हारी : खरगे

**बंगलूरू।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को बंगलूरू के फ्रीडम पार्क में आयोजित वोट अधिकार रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि 2019 का लोकसभा चुनाव भी फर्जी वोटों के कारण हारा था। खरगे ने कहा कि मोदी सरकार चोरी की सरकार है। देश को फर्जी वोटों से रुला रही है। मैंने 2019 में कहा था कि कांग्रेस फर्जी वोटों के चलते हारी। अब वो बात सच साबित हो रही है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर काम करता है। खरगे ने कहा कि बंगलरू की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर 6.6 लाख वोटों का सत्यापन हुआ है और यह धोखेबाज चुनाव था। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग तय करता है कि कहां वोट कम हों और कहां ज्यादा, ताकि भाजपा को फायदा मिले।

## डेनमार्क के राजदूत बोले- भारत दुनिया की सबसे तेजी बढ़ती अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** डेनमार्क के राजदूत रस्मुस क्रिस्टेनसेन ने कहा कि भारत किसी भी तरह से मृत अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि इसका सबूत यह है कि यूरोपीय संघ और भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। क्रिस्टेनसेन के अनुसार, भारत निवेश के लिए एक बेहतरीन जगह है और अगर यह अर्थव्यवस्था कमजोर होती तो ऐसा नहीं होता। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह समझौता इस साल के अंत तक हो जाएगा, तो उन्होंने कहा कि पहले इस पर जल्दी बातचीत की जरूरत महसूस नहीं की गई, लेकिन अब यह तात्कालिकता है।

## केंद्र सरकार ने लोकसभा से वापस लिया आयकर विधेयक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा है कि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था। विधेयक की जांच के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय प्रवर समिति बनाई गई थी। समिति ने विधेयक की जांच की और 285 सुझाव दिए थे। समिति ने 21 जुलाई 2025 को अपनी रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत कर दी। केंद्र सरकार ने प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली हैं। कुछ सुझाव भी प्राप्त हुए हैं जिन्हें सही विधायी अर्थ प्रदान करने के लिए शामिल करने की आवश्यकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रवर समिति की ओर से सुझाए गए बदलावों को शामिल करने के बाद विधेयक को नए रूप में लेकर आएगी। बताया जा रहा है कि विधेयक का नया संस्करण 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

## हाईवे पर चली नाव, मालन नदी का तटबंध टूटा

### बिजनौर से मेरठ का सीधा संपर्क टूटा

### 30 से अधिक गांव में पानी भरा

**बिजनौर**

बिजनौर में मालन नदी का तटबंध टूटने से मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे पर बैराज के पास पानी आया तो यातायात बंद करा दिया गया। हस्तिनापुर-चांदपुर स्टेट हाईवे को भी गंगा का पानी काट चुका है। ऐसे में बिजनौर का मेरठ से सीधे संपर्क कट गया है। बिजनौर बैराज पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से महज दस सेंटीमीटर दूर यानि



219.90 मीटर दर्ज हुआ।

गंगा के अलावा मालन, खो, इकड़ा, बान आदि नदियों का पानी तटों से बाहर निकलकर सितम ढा रहा है। जिले के 30 से अधिक गांव में पानी भरा हुआ है। नजीबाबाद के मालन नदी के तट पर बसे मोहल्लों में पानी है। धामपुर शहर की आबादी में इकड़ा नदी का पानी बह रहा है। धामपुर के रिहायशी इलाकों में लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं।

बिजनौर में बाकरपुर गढ़ी के पास बुधवार को मालन नदी का तटबंध टूट गया है। पानी बिजनौर-रावली मार्ग से उतरते हुए बृहस्पतिवार की सुबह बिजनौर-बैराज मार्ग पर पहुंच गया। इस हाईवे पर दो से तीन फीट पानी चला तो पुलिस ने यातायात रोक दिया। ऐसे में मेरठ से बिजनौर आने जाने वाले वाहन खड़े हो गए। इस हाईवे पर नाव भी चलती देखी गई। कुछ लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर पानी को पार किया।

बिजनौर से हरिद्वार वाया मंडावर मार्ग पर भी मालन नदी का पानी बह रहा है। यह मार्ग बीते तीन दिनों से बंद है। उधर मालन के पानी ने ही मंडावर से किरतपुर मार्ग को भी बंद कर दिया है। साथ ही बिजनौर की नई पुलिस लाइन में भी मालन नदी का पानी दो दो फीट तक भरा हुआ है। गांव में भी खेतों और घरों तक पानी पहुंच गया है। ग्रामीण दहशत में हैं।

बिजनौर से कोतवाली मार्ग, पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे कहलाता है। गांव शादीपुर के पास इस मार्ग पर बान नदी का पानी आ गया। हालांकि नदी पर पुल बना है लेकिन पुल के पास ही कॉलोनी काटे जाने से पानी ने रास्ता बदल लिया।

सड़क पर पानी लगभग पांच फीट तक बढ़ गया, जिसके बाद यातायात बंद हो गया। एसडीम नगीना आशुतोष जायसवाल, सीओ नगीना अंजनी कुमार, थाना अध्यक्ष कोतवाली देहात प्रवेज तोमर मौके पर पहुंचे और जायजा लिया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में फ्लाई एश मैनेजमेंट एवं यूटीलाईजेश की बैठक आयोजित

**कोल परिवहन के कारण क्षतिग्रस्त सड़को का सुधार न करने वालो को जारी करे नोटिस**

**बिना तिरपाल के परिवहन करने वाली कोल एवं राखड़ परिवहन के गड़ियो को करे जप्त**



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारियों सहित एनसीएल, एनटीपीसी एवं जिले में कार्यरत औद्योगिक कम्पनियों के उपस्थिति में फ्लाई एश मैनेजमेंट एवं यूटीलाईजेशन के क्रियान्वयन से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

बैठक के प्रारंभ में क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी संजीव मेहरा के द्वारा फ्लाई एश मैनेटमेंट क्रियान्वन करने वाले कम्पनियों के प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि अभी कई औद्योगिक कम्पनियों के द्वारा पालन नही किया जा रहा है। जिसके संबंध में कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि कार्य योजना का क्रियान्वयन न करने वाले कम्पनियों के विरूद्ध नोटिस जारी करे। कलेक्टर ने इस आशय के भी निर्देशित किया कि कोल परिवहन के कारण प्रधानमंत्री सड़क, एमपीआरडीसी के द्वारा निर्मित सड़को के साथ-साथ शासन द्वारा निर्मित आम सड़के क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, जबकि पूर्व की बैठक में निर्देश दिए गए थे कि सड़को का सुधार करे। कलेक्टर ने सड़को का सुधार न करने वालो के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही इस आशय के भी निर्देशित किया कि ऐसे कोल परिवहन के वाहन एवं राखड़ के वाहन जो तिरपाल या बिना कंटेनर के परिवहन कर रहे हैं, उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर वाहनों की जॉच कराये, नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जप्त करे।

### बलिया-सूर्या नालों का हर हाल में करे साफ-सफाई

कलेक्टर ने बलिया नाला, सूर्या नाला सहित अन्य नालो में राखड़ के बहाव के फलस्वरूप जल प्रदूषित हुआ है, उसे रोकने के लिए एवं साफ -सफाई करने के लिए पूर्व में निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद भी नही किया गया है, जो अत्यन्त ही खेदजनक है। संबंधित एनसीएल परियोजना, एनटीपीसी सहित अन्य औद्योगिक कम्पनियां अपने-अपने क्षेत्रो का तत्काल सही करायें। कलेक्टर ने जहां शासन कोल माइंस अमलोरी को निर्देशित किया कि राखड़ बहाव से कुछ लोगो की माकान एवं खेती प्रभावित हो रही हैं। इसे तत्काल रोके एवं एनसीएल मुड़वानी डैम, काटा रोड, शुक्ला मोड़, गोरबी कसर रोड़ कोल परिवहन के कारण जो खराब हुई है, उनका तत्काल सुधार कराये एवं इसके प्रगति जानकारी आगामी बैठक में दे।साथ ही यह भी निर्देशित किया कि संबंधित कम्पनियां अपने-अपने बैरियरो पर सीसीटीव्ही कैमरा भी लगवाया जाना सुनिश्चित करे, ताकि कोल परिवहन के वाहनों की वास्तुस्थिति का पता चल सके।

# तिरंगा यात्रा के लिए मोर्चा की संयुक्त बैठक आयोजित

**सिंगरौली**

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आगामी तिरंगा यात्रा की तैयारी के लिए युवा एवं महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में सम्पन्न हुई तथा इस बैठक में इस तिरंगा यात्रा अभियान के प्रभारी एवं ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह विशिष्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मंचासीन रहे।




जिलाध्यक्ष ने तिरंगा यात्रा के निमित्त अपने दिशानिर्देश दिए तथा उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा प्रत्येक मंडल पर आयोजित होनी है और प्रदेश नेतृत्व का ये आह्वान है कि इस बार के तिरंगा यात्रा में युवा मोर्चा तथा महिला मोर्चा की भागीदारी विशेष होगी। हमारे युवा ऊर्जा से भरे हुए हैं तथा उनकी देश भक्ति भी अतुलनीय है। हम तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपने प्रेम को प्रकट करने जा रहे हैं तथा सदियों के संघर्ष के बाद जो ये स्वतंत्रता हमें प्राप्त हुई है, उसके उत्सव को हम ऐतिहासिक बनाने का काम करना चाहते हैं। इसी प्रकार हमारी बहनें और मातृ शक्तियां जिनके लोकतंत्र और देश के निर्माण में आधी भूमिका निभा रही हैं, वो भी इस तिरंगा यात्रा का प्रतिनिधित्व कर बदलते भारत की तस्वीर को समाज के सामने प्रस्तुत करें, ऐसा हमारे संगठन की आकांक्षा है। आज चाहे समाज का कोई भी क्षेत्र हो, उसमें महिलाओं की भूमिका कहीं भी कमतर नहीं है। देश की सीमाओं की सुरक्षा से लेकर समाज और घर की सुरक्षा तक में हमारी मातृ शक्तियों ने अपना लोहा मनवाया है, इसलिए सम्पूर्ण जिले मे आयोजित होने वाली इस तिरंगा यात्रा को हमारी बहने ऐतिहासिक बनायें इस के लिए महिला मोर्चा अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। बैठक में मुख्य रूप से जिलामंत्री विनोद चौबे, वरिष्ठ नेत्री मीना चौबे, महिला मोर्चा की नीलम तिवारी, वर्षों दुबे, रीना शर्मा, इतवारी देवी, नम्रता सिंह, श्यामकली गुप्ता, फूल कुमारी, अर्चना तिवारी, युवामोर्चा के धरम कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिले के 542 आपदाग्रसितों को 1 करोड़ 29 लाख से अधिक राहत राशि की गई प्रदान

**संकट में जनता की सेवा और सहायता करना सरकार का धर्म है : मुख्यमंत्री**



**मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से आपदा पीड़ितों को जारी की 30 करोड़ की राहत राशि**

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से बाढ़ तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों को 30 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक से वितरित की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आपदा पीड़ितों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने 28 हजार 400 पीड़ितों के बैंक खाते में सहायता राशि जारी की।

मुख्यमंत्री ने सिंगरौली जिले के भी 542 आपदाग्रसितों को 1 करोड़ 29 लाख से अधिक की राहत राशि प्राप्त हुई। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर रीवा बीएस जामोद, महापौर रानी अग्रवाल, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, जिपं सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कंचन नदी के किनारो में गंगोत्री परियोजना के तहत 150 फलदार वृक्षो का किया पौधारोपण



**सिंगरौली।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए आज दिन शुक्रवार को कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम सृजन बर्मा सहित स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा कंचन नदी के किनारो में गंगोत्री परियोजना के तहत 150 फलदार छायादार पौधो का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# स्तनपान बच्चों के लिए एक प्राकृतिक अमूल्य उपहार है: डॉ. सविता

**हिंडाल्को रेनुसागर में विश्व स्तनपान दिवस पर हेल्दी बेबी शो का आयोजन**

**सिंगरौली।** हिंडाल्को रेनुसागर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित आदर्श परिवार कल्याण केंद्र, बैरपान में विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों ने सहभागिता की। ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं को बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता व टीकाकरण के प्रति जागरूक करना है। सबसे




पहले सभी बच्चों का परिक्षण, स्वास्थ्य, बजन, लम्बाई, टीकाकरण व स्वच्छता की जॉच की गयी । इस अवसर पर डॉ. सविता ने माताओं को स्तनपान के महत्व के बारे में बताया कि स्तनपान बच्चों के लिए एक प्राकृतिक अमूल्य उपहार है। प्रसव के बाद निकलने वाला गाढ़ा-पीला दूध बच्चों के लिए अमृत के समान है। स्तनपान से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है और मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायक सिद्ध होता है। इतना ही नही मॉ एवं बच्चे के बीच गहरा भावनात्मक संबंध बनना।

हेल्दी बेबी शो में 1 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया, जिनका मूल्यांकन उनके वजन, स्वास्थ्य स्थिति, साफ.-सफाई तथा सामान्य विकास के आधार पर किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में आदर्श परिवार कल्याण केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ ग्रामीण विकास विभाग के प्रतिनिधि, स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं।

# रक्षाबंधन पर छात्राओं ने पेड़ों संग जोड़ा संरक्षण का पवित्र बंधन

**सिंगरौली।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में रेडक्रॉस इकाई की छात्राओं ने एक अनूठी पहल करते हुए पेड़ों को राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। यह प्रेरणादायी कार्यक्रम रेडक्रॉस प्रभारी माखन लाल के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ललित द्विवेदी, शिक्षक शिवरंजन, सत्य प्रकाश एवं आदित्य जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन से पूर्व विद्यालय परिसर में राखी निर्माण



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने घर पर ही कागज, धागा और पत्तियों जैसे इको-फ्रेंडली सामग्री से आकर्षक राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता में तैयार की गई सुंदर-सुंदर राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन करते हुए शिक्षकों ने मूल्यांकन कर अंक प्रदान किए। प्रतियोगिता में अनुष्का गुप्ता ने प्रथम, अर्पिता द्विवेदी ने द्वितीय एवं अर्चना जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पेड़ों को राखी बांधते हुए हरित धराएं सुरक्षित जीवन का संदेश दिया। रेडक्रॉस सदैव सेवा, सद्भावना और समर्पण की भावना का प्रतीक रहा है। इस अवसर पर छात्राओं ने न केवल पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया, बल्कि शासन की एक पेड़ मॉ के नाम योजना को भी सार्थक रूप से आगे बढ़ाया। समाज में इस पहल को एक अनोखे पर्यावरणीय संदेश के रूप में सराहा जा रहा है, जिससे जनमानस में हरित चेतना का प्रसार होगा।

# बिना परमिट के चल रही सोनी बस सर्विस जप्त

**सिंगरौली।** जिला परिवहन अधिकारी ने माजन मोड़ बैढ़न में वाहन चेकिंग लगाया। जहां बिना परमिट के चल रही एक सोनी बस ट्रेवल्स को जप्त कर लिया है। वही पूर्व में जप्त वाहनों से 48 हजार रूपये वसूला गया। जानकारी के अनुसार कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर ने सहायक वर्ग-3 व्यौमकांत तिवारी के साथ माजन मोड़ में वाहन का चेकिंग कर रहे थे। बस वाहन क्रमांक एमपी 66 पी 0144 को बिना परमिट चलती पाई गई।

# डीएव्ही में त्रिदिवसीय क्लस्टर क्रीड़ा उत्सव समारोह आयोजित

**सिंगरौली।** विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा के प्रति समर्पित समस्त डीएव्ही स्कूल जोन डी छात्र-छात्राओं को खेलकूद, शिक्षण और सांस्कृतिक क्षेत्र में अनवरत अवसर प्रदान करता रहता हैं। परिणामत- विद्यालय के विद्यार्थी भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय का नाम रोशन करते रहते हैं । इसी क्रम में त्रिदिवसीय क्लस्टर जोन डी क्रीडाउत्सव का समापन डीएव्ही व स्कूल अमलोरी में समापन समारोह हर्षोल्लाह के साथ संपन्न हुआ। शतरंज अंडर-17 बालक वर्ग सेमीफाइनल डीएव्ही अमलोरी और डीएव्ही



सूर्यविहार में हुआ । इसमें डीएव्ही सूर्यविहार ने डीएव्ही अमलोरी के टीम को पराजित कर फाइनल में पहुंच कर डीएव्ही सूर्यविहार और डीएव्ही दुद्धिचुआ के बीच में खेला गया, इसमें डीएव्ही सूर्य विहार विजेता बना। समारोह में सभी खेलकूद प्रतियोगिता विजेताओं एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डीएव्ही अमलोरी के प्रधानाचार्य अमित सिंह भाटिया, डीएव्ही निगाही के प्रधानाचार्य शैलेश सिंघल, सूर्य विहार के प्रधानाचार्य मृत्युंजय तिवारी मौजूद रहे । डीएव्ही अमलोरी के प्रधानाचार्य अमित सिंह भाटिया ने समारोह में उपस्थित अन्य डीएव्ही विद्यालय के प्राचार्य तथा समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के प्रयत्न एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही साथ छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहे कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा ही नहीं वरन जीवन के लिए अनिवार्य है ।

# एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का दौरा कार्यक्रम



**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में 7 एवं 8 अगस्त को एनटीपीसी महारत्न कंपनी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक गौतम देब ने दो दिवसीय दौरा किया। उनके साथ उत्तरा क्लब, लखनऊ की अध्यक्षा बिपाशा देब भी मौजूद रहीं।

इस अवसर पर श्री देब ने परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयंत्र परिसर का निरीक्षण किया, जिसमें स्टेज-3 क्षेत्र, यूनिट 1 से 6 तक के नियंत्रण कक्ष, एफजीडी क्षेत्र सहित प्रमुख इकाइयों के संचालन की गहन समीक्षा की। दौरे के उपरांत एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने परियोजना की प्रगति, चुनौतियों और भावी योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं। श्री देब ने इस दौरान परियोजना के कार्यकारी संघ, एसोसिएशन के प्रतिनिधियों एवं युवा कर्मचारियों से भी संवाद किया और उनकी अपेक्षाओं एवं सुझावों को सुना। इसी क्रम में बिपाशा देब ने वनिता समाज शक्तिनगर द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सेवाओं जैसे वनिता रसोई, वात्सल्य क्रेच, टाइनी टॉट्स, बाल भवन एवं वेलफेयर शॉप का दौरा किया। तत्पश्चात महिला मंडल की जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े विविध पहलुओं पर सार्थक चर्चा की गई। शाम को स्थानीय अतिथिगृह में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका विदुषी वर्मा ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर परियोजना के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कोयले में मिलावट के सैंपल लेने के बाद माफिया जांच को कर रहे प्रभावित

**जांच रिपोर्ट सामने आएगी या फिर कोयले का ये काला कारनामा फाइलों में ही हो जाएगा दफन**

**खनिज विभाग में 5 दिन से रखा है कोयले का सेम्पल, गोंदवाली रेलवे कोलयार्ड का मामला**

**सिंगरौली।** गोंदवाली रेलवे कोल यार्ड से कोयले में भस्सी और छाई की मिलावट की जांच के लिए लिया गया सैंपल 5 दिन से खनिज विभाग में रखा हुआ है। कोयले में मिलावट के सैंपल लेने के बाद से कोल माफिया सक्रिय हो गए हैं और जांच को प्रभावित करने में जुटे हैं। कोयला माफियाओं से जुड़े लोग जनप्रतिनिधियों के जुगाड़ से जांच रिपोर्ट अपने पक्ष में करने के लिए सारे हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसे में संभावनाएं जताई जा रही हैं कि



जांच रिपोर्ट सही आएगी, इसकी उम्मीद कम ही है।

बता दें कि गोदवाली रेलवे कोल यार्ड के कोयले में भस्सी और रामगढ़ की छाई की मिलावट के खबरों के उजागर होने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस के नेतृत्व में छापामार सेम्पल जरूर लिए गए हैं। लेकिन सेंपल लिए पांच दिन बीत जाने के बाद भी खनिज विभाग यह तय नहीं कर पा रहा कि सेंपल जांच के लिए कहा भेजें जाएं। सहायक खनिज अधिकारी अशोक मिश्रा का कहना है कि दो-चार दिन बाद सेम्पल जांच के लिए जाएगा। ऐसे में खनिज विभाग सहित अन्य अमले की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। चर्चाएं हैं कि कोयला कारोबारी ना केवल जांच अधिकारियों के ईर्द-गिर्द घूम रहें, बल्कि एक जनप्रतिनिधि से भी संपर्क कर जांच प्रभावित करने के लिए हर कीमत देने के लिए तैयार हैं। बहरहाल मामले की क्या वाकई जांच रिपोर्ट सामने आएगी या फिर कोयले का ये काला कारनामा फाइलों में ही दफ्न होकर रह जाता है, ये अब देखने वाली बात होगी। सूत्रों के मुताबिक जन चर्चा है कि कोयले में मिलावट के इस खेल में अघोर के प्रशांत जायसवाल, महाकाल बबलू सिंह, मॉ काली सहित मौरारका का कोयला हैं।

### कोयले में हेर-फेर व मिक्सिंग के लिए बदनाम रहा है गोंदवाली कोल यार्ड

गोंदवाली कोलयार्ड में कोयले के हेर-फेर और मिक्सिंग के लिए लंबे समय से बदनाम रहा है। कोयले में मिक्सिंग का कारोबार आरपीएफ पुलिस की आंखों के सामने किया जाता है। रेलवे अधिकारियों के मर्जी के बिना एक गाड़ी भस्सी और छाई कोल यार्ड तक पहुंचाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। चर्चा तो यह है कि बरगवां और मोरवा रेलवे स्टेशन पर तैनाती के लिए रेलवे अधिकारियों को न केवल मोटी चढ़ोत्तरी देनी पड़ती है, बल्कि राजनीतिक पकड़ होने के बाद ही पोस्टिंग होती है। कोयले में मिलावट के इस खेल में माफिया के साथ आरपीएफ पुलिस, जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में किया जाता है।

# जिला न्यायालय परिसर के एडीआर सेंटर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन




**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक के द्वारा दिनांक 08.08.2025 को जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे के द्वारा बताया गया कि ग्रामीणों को विवाद विहीन ग्राम योजना के महत्व को और ग्राम की मूलभूत सुविधाओं के विषय में अवगत कराया गया। ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि किसी भी विषय पर दो पक्षों में विवाद उत्पन्न होने पर सर्वप्रथम उसे मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के प्रयास किया जाना चाहिए। आगामी लोक अदालत के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही लोक अदालत में होने वाले फायदे के बारे में ग्रामवासियों को बताया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की न्याय तक पहुंच आसान बनाने के लिए ही विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण श्री राजेश सिंह, श्री उमाकांत शुक्ला एवं जिला न्यायालय के कर्मचारीगण सहित आमजन उपस्थित रहे।

## जिले में औसत वर्षा 931.7 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 08 अगस्त को सीधी जिले में 26.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 22.6 मि.मी., चुरहट 25.0 मि.मी., गोपद बनास में 14.2 मि.मी., सिहावल में 18.2 मि.मी., बहरी में 76.0 मि.मी., मझौली में 21.0 मि.मी. और कुसमी में 8.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 931.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 08 अगस्त तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 1057.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 772.8.0, चुरहट में 800.0, गोपद बनास में 881.4, बहरी में 1033.5, मझौली में 1056.0 मि.मी. और कुसमी में 920.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 626.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी।

# ग्राम अमरपुर में किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा दिनांक 08 अगस्त 2025 को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम अमरपुर में किया गया। उक्त जागरूकता शिविर में श्री शिवहरे ने उपस्थित ग्रामीणजन को सालसा एवं नालसा की योजना, पाक्सो अधिनियम, बच्चों को मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, लोक अदालत, विधिक सहायता, मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक ने उपस्थित ग्रामीण जन को आदिवासियों के कानूनी अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवा योजना, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा, महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, भरण पोषण, नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐ) योजना, 2015, आदिवासियों को विधिक सेवाएं, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन), नालसा, सालसा एवं शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकरी श्री मनीष कौशिक ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आमजन को न्याय दिलाने हेतु निरंतर कार्यरत है। उक्त विधिक जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के सचिव श्री मुकेश कुमार शिवहरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक सहित समाजसेवी तथा काफी मात्रा में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लीनेस क्लब कामाख्या द्वारा आयोजित की गई स्तनपान जागरूकता की गतिविधियाँ





**सीधी।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर सीधी जिले में 6 अगस्त को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबीता खरे एवं जिला चिकित्सा अधिकारी - 1 जिला चिकित्सालय सीधी डॉ सुनीता तिवारी एवं मातृ स्वास्थ्य समन्वयक श्रीमती रश्मि सोनी एवं लीनेस क्लब कामाख्या सीधी की अध्यक्ष मिश्रा नर्सिंग हॉस्पिटल सीधी डॉ बीना मिश्रा के सहयोग से ग्राम कोठार सरपंच श्रीमती सुनीता सिंह के नेतृत्व में स्तनपान जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, भाषण, शपथ, सखी मिलन समारोह ,राखी बांधकर उपस्थित जन समुदाय को स्तनपान के महत्व को समझाया गया। स्तनपान सखी बनाकर राखी बांधकर उपस्थित महिलाओं से स्तनपान को प्रोत्साहित करने का वचन लिया गया। इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में शर्मिला सिंह, वर्षा सिंह, मिनाक्षी द्विवेदी, आराधना सिंह, अंजू शर्मा, नीलम अंसारी, नीतू गुप्ता, रेखा स्वरूप, तारा तिवारी, रश्मी सोनी, सपना सिंह, सुनीता सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## टाटा कालेज के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम का आयोजन 19 अगस्त को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला प्रशासन सीधी के सहयोग से जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा शासन के निर्देशानुसार बेरोजगार युवक/युवितियों हेतु दिनांक 19.08.2025 को टाटा कालेज सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जो आवेदक एवं आवेदिकाए रोजगार प्राप्त करना चाहते है तो उक्त दिनांक को सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक अपने सम्पूर्ण दस्तावेजो सहित उपस्थिति होकर रोजगार का लाभ ले सकते हैं।

# सर्पदंश से घबराएं नहीं-एक घंटे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दी सर्पदंश से बचाव एवं उपचार की सलाह

**सीधी।** वर्तमान में बारिश होने के साथ वातावरण में लगातार तापमान अधिक रहता है। साँप तथा अन्य जीव-जंतुओं के छिपने के स्थानों में पानी भर जाने के कारण उनका सतह पर विचरण शुरू हो जाता है। इसलिए बारिश में साँप एवं अन्य जहरीले जंतुओं के काटने की घटनाएं होती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजनता को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार की सलाह दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि विन्ध्य क्षेत्र में प्रमुख रूप से तीन जहरीले सांपों, करैत, रसेल वाइपर तथा कोबरा के काटने के कारण मौत की घटनाएं होती हैं। साँप काटने के बाद एक घण्टे की अवधि में सही उपचार होने पर पीड़ित की जान आसानी से बचाई जा सकती है। साँप काटने के तत्काल बाद निकट के अस्पताल जाकर एक घण्टे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं। यह इंजेक्शन जिले के सभी विकासखण्डों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध है। समय पर इंजेक्शन लगने पर जान का खतरा समाप्त हो जाता है। साँप काटने के स्थान पर तीखी जलन होती है। पीड़ित को अवसाद, उल्टी आना, लकवा तथा आँख की पुतलियों के फैल जाने के लक्षण दिखाई देते हैं। विष का प्रकोप होने के बाद पीड़ित में माँसपेसियों में ऐंठन और चेतनाहीनता हो जाती है। इसके बाद साँस रूकने से मौत हो जाती है। विष का सर्वाधिक असर तंत्रिका तंत्र और साँस लेने में होता है। कई बार साँप के काटने के स्थान पर सूजन आ जाती है तथा काटा हुआ स्थान काला पड़ जाता है। साँप काटने के बाद हाथ पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना, पसीना छूटना, दम घुटना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। सर्पदंश के बाद तत्काल अस्पताल जाकर पीड़ित का उपचार कराएं। झोलाछाप डाक्टरों तथा झाड़फूक करने वालों के चक्कर में पड़कर समय न गवाएं। सर्पदंश से पीड़ित के काटने के स्थान से थोड़ा ऊपर हल्की पट्टी बांधे। काटने के स्थान पर चीरा भी न लगाएं इससे संक्रमण का खतरा रहता है। सर्पदंश तथा अन्य जहरीले कीड़ों के काटने से बचने के लिए कुएं, अंधेरे गड्ढे, झाड़ियों आदि में हाथ न डालें। घर से बाहर निकलते समय जूते अवश्य पहनें। ठंडे, अंधेरे और नम स्थानों में साँप छिपते हैं, ऐसे स्थानों में जाने से बचें। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

# राजपूत करणी सेना ने अस्पताल में मरीजों को किया फल वितरण




**सीधी।** श्रीराजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिले के पदाधिकारियों द्वारा जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण सहित मिठाई भी खिलाए हैं साथ ही सभी मरीजों को बेहतर सुविधा दिलाने के लिए भी बात किए हैं। इस दौरान प्रदेश महासचिव हरपाल ङ्क्षसह चौहान, संभागीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह चौहान अन्नू, संभागीय महासचिव रोहन सिंह चौहान कन्हैया टेंट हाउस, संभागीय संयोजक नारायण ङ्क्षसह चौहान, व्यापार प्रकोष्ठ के अंकित ङ्क्षसह चौहान बंजारी, जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह परिहार, विधि प्रकोष्ठ सतेन्द्र सिंह चौहान, शिक्षा प्रकोष्ठ दिलीप सिंह गहरवार, नगर अध्यक्ष मनीष ङ्क्षसह चौहान, कोषाध्यक्ष राजीव सिंह परिहार रिंकू, पटपरा मंडल अध्यक्ष राकेश ङ्क्षसह चौहान, नगर संयोजक सुंदर सिंह राजू, सदस्य विवेक ङ्क्षसह, जिला सदस्यता प्रभारी रमेश ङ्क्षसह विसेन मामा, जिला महामंत्री संतबहादुर ङ्क्षसह लाला, जिला जन संपर्क प्रभारी पवन सिंह सारो, ग्रामीण जिला सदस्यता प्रभारी तीर्थकुमार सिंह पिंटू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मरीजों को फल वितरण के साथ उनके स्वास्थ्य की कामना किए हैं साथ ही अपेक्षा किए हैं कि हम लोग अपनी सेना के साथ हर मदद के लिए तैयार रहेंगे।

## डॉ सुनीता तिवारी जिला चिकित्सा अधिकारी ने बताया स्तनपान के ढेर सारे फायदे

**सीधी।** विश्व ब्रेस्टफीडिंग सप्ताह के उपलक्ष्य में लिनेस क्लब कामाख्या द्वारा खजूरी कोठार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें स्तनपान (ब्रेस्ट फीडिंग) के महत्व, नवजात के स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव और मातृत्व के प्रति जागरूकता का सशक्त चित्रण किया गया।

# वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह

**सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है। वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं। अत: भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें। शुद्ध पेयजल की कमी के कारण देश में जलजनित रोगों से सबसे अधिक यानि लगभग 80 प्रतिशत मौतें होती हैं। पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं। बच्चों में दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थों का उपयोग न करें। खुले में शौच न करें एवं शौचालय का उपयोग करें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने-पीने की वस्तुओं को ढंककर रखें, मक्खियों से बचाव करें। हरी सब्जी एवं फलों को साफ पानी से धोकर ही उपयोग करें। मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखो के रोग हो जाते हैं। इस रोग को आई-फ्लू, कंजक्टिवाईटिस या आखें आना के रूप में जाना जाता है।

# जड़ी बूटी दिवस का हुआ आयोजन

## पंचज अभियान को जन जन तक पहुँचाने की जरूरत : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

**सीधी।** पतंजलि किसान सेवा समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति सीधी के संयुक्त तत्वाधान में गायत्री मंदिर में जड़ी.बूटी दिवस का आयोजन किया गया। आशुतोष गुप्ता एड. अध्यक्ष भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, डॉ.एम.पी. गौतम पतंजलि योग समिति, दिलीप त्रिपाठी अध्यक्ष जिला योग समिति, प्रमोद कुमार मिश्र अध्यक्ष पतंजलि किसान सेवा समिति, एड. श्रीमती निशा मिश्रा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड के द्वारा माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आशुतोष गुप्ता ने आचार्य बालकृष्ण के जीवन एवं आयुर्वेद योग के संदर्भ में विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ.एम.पी.गौतम ने जीवन में जड़ी.बूटियों का जीवन में उपयोगिता एवं महत्व के बारे में समझाया। अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्र ने किचेन गार्डेन, जैविक खाद, स्वदेशी सामग्री एवं विन्ध्य की परम्परागत खेती, देशी खानपान, देशी पहनावा अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम को सम्बोधित अधिवक्ता अशोक पाण्डेय, अधिवक्ता सुशील उपाध्याय, श्रीमती आराधना सिंह ने किया।

प्रमोद कुमार मिश्र अधिवक्ता अध्यक्ष पतंजलि किसान सेवा समिति सीधी ने बताया कि योग, प्राणायाम उपरांत औषधीय पौधे, फलदार पौधों का रोपण एवं वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीधी प्रयागलाल दिनकर, मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, मनीष कौशिक जिला विधिक अधिकारी, पतंजलि योग समिति के योग शिक्षक साधकगण, अधिवक्ता भाई एवं बहनों की गरिमामय उपस्थिति में न्यायाधीश आवासीय कालोनी में सम्पन्न हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीधी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि जल, जंगल, जमीन, जन और जानवर यानी कि पंचज अभियान को जन जन तक पहुँचे जिससे प्राकृतिक संतुलन को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में आभार श्रीमती गायत्री सिंह ने किया। कार्यक्रम में हरिविलास गुप्ता, दिलीप त्रिपाठी अध्यक्ष जिला योग समिति, अधिवक्ता बी.के. शुक्ला, अधिवक्ता सरोज शर्मा, अधिवक्ता यज्ञ प्रकाश तिवारी, राममूर्ती वर्मा, प्रद्युम गायत्री मंदिर के मुख्य पुजारी, राम सजीवन जायसवाल, भरत गुप्ता, शत्रुधन गुप्ता, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह, सुखेन्द्र सिंह, पन्नालाल गुप्ता, रामावतार विश्वकर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला सीधी, (म०प्र०)

E-mail : deo.mpedsdh@mp.gov.in

सीधी, दिनांक 07/08/2025

### वाहन निविदा विज्ञप्ति

सर्वसाधारण एवं ट्रेवलिंग एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर का पत्र क्रमाक/9-लेखा/बजट/ 2025-26/ई-415972/13 ग्वालियर, दिनांक 30.06.2025 द्वारा जारी किये गये मार्गदर्शी सिद्वांत/निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला सीधी के लिए 04 (चार) यूटिलिटी वाहन (हल्के 4 चक्का वाहन) अनुबंधित किये जाने हैं। जिसमें 03 वाहन अनुबंधित किये जा चुके हैं। शेष बचे 01 वाहन हेतु दिनांक 01.09.2025 से दिनांक 31.03.2026 तक की अवधि के लिए किराये पर लिये जाने की प्रकिया टेण्डर के माध्यम से अनुबंध की जाना हैं। टेण्डर फार्म की कीमत 500/- रूपये निर्धारित हैं। उक्त टेण्डर फार्म की राशि शीर्ष अन्य प्राप्तियों (0039-00-800-0761 other receipts) के अंतर्गत ऑनलाईन जमा करने एवं चालान प्रति कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने के उपरॉत कार्यालयीन समय पर कार्यालय द्वारा टेण्डर फार्म उपलब्ध कराया जायेगा। **वर्ष 2025-26 के लिये वाहन किराये लगाये लिये जाने हेतु प्रतिमाह 2500 कि०मी० चलने पर अधिकतम निर्धारित किराया रूपये 42000/- या टेण्डर की राशि के बराबर देय होगा। वाहन माह मे 2500 किलोमीटर तक उपलंभन/प्रवर्तन कार्य हेतु उपयोग किया जायेगा।** ड्रायवर का वेतन, डीजल, आयल एवं अन्य सभी खर्चे वाहन स्वामी द्वारा स्वयं वहन किया जावेगा। विभाग द्वारा टेण्डर राशि के अतिरिक्त कुछ भी भुगतान नही किया जावेगा। इच्छुक टेण्डरदाता टेण्डर फार्म कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला सीधी कार्यालय करूणा भवन कलेक्ट्रेट सीधी में दिनांक 07.08.2025 से दिनांक 12.08.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 12.08.2025 को सायं 03.00 बजे खोली जाकर स्वीकार की जावेगी। सफल टेण्डरदाता द्वारा दिनांक 01.09.2025 को वाहन कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा। टेण्डर खोलने के समय टेण्डरदाता की अनुपस्थिति टेण्डर स्वीकृति प्रकिया में बाधक नही होगी। वाहन अनुबंधित अवधि मे आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश मोतीमहल ग्वालियर द्वारा अनुबंधित वाहन संबंधित कोई नवीन आदेश जारी किये जाने पर उसका परिपालन करना बाध्यकारी होगा। वाहन स्वामी का व्यवहार उचित न होने पर, वाहन को बिना कोई पूर्व सूचना कि किसी भी समय हटाया जा सकेगा। जिसके लिये कोई छतिपूर्ति देय नही होगा। इच्छुक टेण्डरदाता टेण्डर फार्म, टेण्डर की शर्तो, निर्बधनों आदि की जानकारी अवकाश के दिन छोड़कर कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

वाहन किराये पर लिये जाने हेतु प्रमुख शर्ते निम्नानुसार हैः-

1. वाहन किराये पर लगाये जाने के लिये नियमानुसार सर्विस टैक्स (सेवाकरदाता) पंजीकृत फर्म/संस्थाओ से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। सर्विस टैक्स हेतु पंजीकरण न होने की दशा में संबंधित संस्था/फर्म द्वारा टैक्सी सेवाओ के दिये जाने संबंधी प्रचलित नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।
2. वाहन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में टैक्सी कोटे में अनिवार्यतः पंजीबद्व होनो चाहिए।
3. निविदा के साथ प्रतिभूति की राशि रूपये 4200/- प्रति वाहन जिला आबकारी अधिकारी, जिला सीधी के पक्ष में जारी, किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा में देयक बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/बैंक कैश ऑर्डर/सावधि जमा के रूप में प्रस्तुत करना होगा।
4. टेण्डर प्रपत्र के साथ ही रूपये 100/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शर्तो के पालन हेतु संबंधित निविदाकार को शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. नवीन/अच्छी स्थिति वाले वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी।

वाहन किराये पर लिये जाने हेतु प्रमुख शर्तो के अलावा शेष शर्त टेण्डर फार्म के साथ दी जावेगी।

( संतोष सिंह कुशवाहा )
जिला आबकारी अधिकारी
जिला-सीधी ( म.प्र. )

जी-16916/25



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

### लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रीवा म0प्र0

web site : www.mp.gov.in/pwdmp emil :- eepwdbrirewa@mp.nic.in
Phone – 07662 – 256720

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 02/2025-26 रीवा दिनांक 14.05.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | 1. कार्य की अनुमानित लागत, 2. अमानत राशि 3. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1. ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज जमा करने हेतु। 2.कार्यावधि (वर्षाकाल रहित अथवा सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB 441433_1 | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रीवा अन्तर्गत उपसंभाग रीवा में निर्मित पुलों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | द्वितीय | 1- 1997000.00<br>2- 39940.00<br>3- 2000.00 | 1- केवल आनलाइन<br>2-12 माह वर्षाकाल सहित। |
| 2 | 2025_PWDRB 441828_1 | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रीवा अन्तर्गत उपसंभाग सतना में निर्मित पुलों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | द्वितीय | 1- 1636000.00<br>2- 32720.00<br>3- 2000.00 | 1- केवल आनलाइन<br>2-12 माह वर्षाकाल सहित। |
| 3 | 2025_PWDRB 441829_1 | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रीवा अन्तर्गत उपसंभाग सीधी में निर्मित पुलों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | द्वितीय | 1- 1990000.00<br>2- 39800.00<br>3- 2000.00 | 1- केवल आनलाइन<br>2-12 माह वर्षाकाल सहित। |

उपरोक्त वेबसाइट आनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 18.08.2025 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. सेतु निर्माण
संभाग रीवा ( म.प्र. )
दूरभाष-07662-256720

जी-16937/25

## संपादकीय

### राजमार्गों पर सुरक्षा मानदंडों की हो रही अनदेखी

देश में जब राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा था, तब यह उम्मीद जताई गई थी कि ये आवाजाही के सुगम और सुरक्षित मार्ग साबित होंगे। कई लेन में आने-जाने के लिए बनीं चौड़ी सड़कों ने तेज रफ्तार को मानो नए पंख दे दिए। कम समय में गंतव्य तक पहुंचने की चाह रखने वालों की बरसों पुरानी इच्छा पूरी हो गई। लोग कुछ ही घंटे में सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा पूरी करने लगे। मगर यह सुगम मार्ग सुरक्षित नहीं रहा। आज स्थिति यह है कि चालक गति सीमा तोड़ कर वाहन चलाने लगे हैं। इस दौरान वे कई नियमों की अनदेखी करते चले जाते हैं। नतीजा यह कि हादसे से बचने के लिए उन्हें ब्रेक लगाने तक का समय नहीं मिलता।राजमार्गों पर अचानक ब्रेक लगाना न केवल चालक के लिए, बल्कि दूसरे वाहन चालकों के लिए भी जानलेवा बन जाता है। ऐसी सड़कों पर तेज रफ्तार और अचानक ब्रेक लेने से बढ़ रहे हादसों ने कई सवाल खड़े किए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में कोयंबटूर में हुई एक दुर्घटना की सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने एक महत्त्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि हाइवे पर बिना कोई चेतावनी दिए अचानक ब्रेक लगाना लापरवाही मानी जाएगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि कोई वाहन चालक अगर राजमार्ग पर गाड़ी रोकना चाहता है, तो पीछे आ रही गाड़ियों को संकेत देना चाहिए। शीर्ष अदालत का कहना उचित है कि आपात स्थिति में भी कोई अचानक ब्रेक लगा देता है, तो यह गैर-जिम्मेदाराना है। सामान्य स्थितियों में यह जरूरी होना चाहिए कि तेज रफ्तार वाहन ब्रेक लगाने से पहले चेतावनी संकेत दें। यों यह भी सच है कि राजमार्गों पर तेजी से वाहन दौड़ा रहे चालक आमतौर पर दूसरी गाड़ियों से सुरक्षित दूरी बना कर नहीं चलते। यह एक सबसे खतरनाक स्थिति है। 'हाइवे रोड सेफ्टी रपट 2021' के मुताबिक राजमार्गों पर होने वाले सभी दुर्घटनाओं में 74.4 फीसद हादसे गति सीमा से अधिक वाहन चलाने के कारण होते हैं। स्पष्ट है कि राजमार्गों पर सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी हो रही है।

*राखी का धागा जितना कोमल दिखता है, उतनी ही उसमें गहराई और दृढ़ता होती है, यह एक ऐसा लौकिक बंधन है, जो प्रेम, आदर्शों और जिम्मेदारियों से बंधा होता है। रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं, यह आदर्शों का हिमालय है, संकल्पों का सोपान है। यह पर्व सिर्फ भाई-बहन के प्रेम की रस्म नहीं, बल्कि पुरुष समाज द्वारा नारी को आश्वस्त करने, उसका मान-सम्मान बनाए रखने की शपथ का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि नारी केवल स्नेह की पात्र नहीं, वह शक्ति, श्रद्धा और समाज की दिशा तय करने वाली एक सशक्त प्रेरणा भी है। आज जब महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं, सेना से लेकर विज्ञान, शिक्षा से लेकर खेल तक तब रक्षाबंधन उन्हें केवल भावनात्मक सुरक्षा नहीं, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने का भी माध्यम बनता है।*

# रक्षाबंधन-नारी रक्षा का संकल्प, एक सामाजिक चेतना

(ललित गर्ग)

आज जब समाज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, जब बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक को भय और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तब रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर है जब हम केवल बहन नहीं, संपूर्ण नारी समाज की रक्षा का संकल्प लें।

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों की भूमि पर रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में आत्मीयता, कर्तव्यबोध, और नैतिक मूल्यों के पुनर्संवेदन का पर्व है। यह पर्व नारी अस्मिता, समानता, सुरक्षा और प्रेम की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। राखी का धागा जितना कोमल दिखता है, उतनी ही उसमें गहराई और दृढ़ता होती है, यह एक ऐसा लौकिक बंधन है, जो प्रेम, आदर्शों और जिम्मेदारियों से बंधा होता है। रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं, यह आदर्शों का हिमालय है, संकल्पों का सोपान है। यह पर्व सिर्फ भाई-बहन के प्रेम की रस्म नहीं, बल्कि पुरुष समाज द्वारा नारी को आश्वस्त करने, उसका मान-सम्मान बनाए रखने की शपथ का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि नारी केवल स्नेह की पात्र नहीं, वह शक्ति, श्रद्धा और समाज की दिशा तय करने वाली एक सशक्त प्रेरणा भी है।

आज जब महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं, सेना से लेकर विज्ञान, शिक्षा से लेकर खेल तक तब रक्षाबंधन उन्हें केवल भावनात्मक सुरक्षा नहीं, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने का भी माध्यम बनता है। रक्षाबंधन की महत्ता को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक संदर्भों को जानना आवश्यक है। भविष्य पुराण में उल्लिखित कथा के अनुसार जब देव-दानव युद्ध में दानव भारी पड़ने लगे, तब इंद्राणी ने अपने पति इन्द्र की रक्षा हेतु रेशम का धागा मंत्रों के साथ उनके हाथ पर बांधा, जिससे इंद्र विजयी हुए।

मुगल काल में रानी कर्मवती ने जब चितौड़ पर संकट देखा, तो बादशाह हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने धर्म, संप्रदाय और सत्ता से ऊपर उठकर उस धागे की लाज रखी और चितौड़ की रक्षा में अपनी ताकत झोंक दी। महाभारत में जब भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहा, द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर पट्टी बांध दी। श्रीकृष्ण ने उस प्रेम को जीवन भर निभाया और चीरहरण के समय द्रोपदी की रक्षा की। यह केवल ऋण चुकता नहीं था, यह आदर्शों की प्रतिज्ञा थी। इसी तरह सिकंदर और पुरू की कथा इस बात को दर्शाती है कि राखी का एक धागा युद्ध भूमि में भी जीवनदान का कारण बन सकता है। ये प्रसंग हमें बताते हैं कि राखी केवल प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि रक्षा, आदर्श और सम्मान की जीवंत प्रतिमा है। रक्षाबंधन आज सिर्फ पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन जैसा है। लेकिन दुख इस बात का है कि इस पर्व की आत्मा धीरे-धीरे खोती जा रही है। आज बहनों के लिए यह पर्व सजने-संवरने और उपहार पाने का माध्यम बनता जा रहा है, जबकि भाइयों के लिए यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है। राखी के धागों की वह पवित्रता, भावनाओं की वह गहराई, अब कम होती जा रही है। यह पर्व अब बाज़ारवाद और दिखावे के जाल में उलझता नजर आ रहा है। इस




बदलती सोच को थामना और मूल भावनाओं को पुनः प्रतिष्ठित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर्व का मूल उद्देश्य नारी के प्रति श्रद्धा, सुरक्षा और कर्तव्य का निर्वहन है, न कि केवल उपहार और दिखावे का आदान-प्रदान। भाइयों को चाहिए कि वे बहन की रक्षा की शपथ केवल शब्दों में नहीं, जीवन के प्रत्येक व्यवहार में निभाएं। बहनें भी राखी को केवल संबंध या औपचारिकता न समझें, बल्कि इस पर्व को नारी स्वाभिमान और सामाजिक बदलाव के एक माध्यम के रूप में लें।

आज जब समाज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, जब बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक को भय और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तब रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर है जब हम केवल बहन नहीं, संपूर्ण नारी समाज की रक्षा का संकल्प लें। एक ऐसा संकल्प जो केवल राखी तक सीमित न हो, बल्कि जीवन भर के आचरण में झलके। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल स्नेह की नहीं, सम्मान की अधिकारिणी है।

रक्षाबंधन भारत के विभिन्न अंचलों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह भाई-बहन के रिश्ते का पर्व है, वहीं महाराष्ट्र में नारली पूर्णिमा के रूप में समुद्र देवता को नारियल अर्पण कर मछुआरे समुद्र से अपने रिश्ते की रक्षा की प्रार्थना करते हैं। दक्षिण भारत में 'अवनी अविट्टम' के रूप में यह ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संकल्प का पर्व है। वहीं स्कन्द पुराण और श्रीमद्भागवत में उल्लिखित वामन अवतार की कथा में रक्षाबंधन को 'बलेव' के रूप में जाना जाता है, जब भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का अभिमान तोड़ा था। इन सब कथाओं में एक ही संदेश है - अहंकार के स्थान पर समर्पण, दंभ के स्थान पर रक्षा, और स्वार्थ के स्थान पर सेवा। आज रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक और सांस्कृतिक पर्व भी कृत्रिम बुद्धिमता एवं संचार-क्रांति की आंधी में अपनी मूल आत्मा और संवेदना खोते जा रहे हैं। उपहारों की होड़, ब्रांडेड राखियों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ ने इस पर्व को एक उपभोक्तावादी उत्सव में बदल दिया है। जहाँ पहले राखी एक भावनात्मक संबंध का प्रतीक थी, वहीं आज यह अधिकतर लेन-देन और औपचारिकता का माध्यम बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति से पर्व की आत्मा, जिसमें बहन के प्रेम और भाई की जिम्मेदारी का गहन बोध निहित था, वह पीछे छूटता जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि हम रक्षाबंधन की प्रासंगिकता को केवल उपहारों और खर्च की दृष्टि से नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मीय रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारियों के दृष्टिकोण से समझें और मनाएं। राखी का पर्व हमें मानवीय रिश्तों की फिर से व्याख्या करने का अवसर देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हर स्त्री हमारी बहन है, समाज की, संस्कृति की, मानवता की। उसकी रक्षा केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय धर्म है। जब हर पुरुष स्त्री के प्रति अपने कर्तव्य को राखी की तरह पवित्र समझेगा, जब हर बहन अपने भाई में केवल उपहार देने वाला नहीं, बल्कि एक मूल्य-धारी रक्षक देखेगी, तब रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक क्रांति का आरंभ बनेगा। रक्षाबंधन कोई मंच या मंचन नहीं है। यह प्रदर्शन का नहीं, आत्मचिंतन का पर्व है। हमें इस पर्व को बाजारवाद और औपचारिकता से निकालकर पुनः उसकी असली पहचान देना होगा। यह प्रेम और कर्तव्य के बीच की एक खूबसूरत कड़ी है। इस बार राखी के धागों को केवल कलाई तक न सीमित रखें, इन्हें हृदय से बाँधें, ताकि यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों से आगे बढ़कर पूरे समाज में एक सशक्त और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सके। तभी राखी के ये धागे सच्चे अर्थों में आदर्श बनेंगे और संकल्पों का सोपान। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ट्रंप का 50 फीसदी वाला टैरिफ बम.... भारत के पास अब क्या हैं विकल्प और कितना जोखिम

(अशोक उपाध्याय)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर (व्यापार नीतियों) से भारत को भारी नुकसान हो सकता है। अगर तीन हफ्तों में कोई समझौता नहीं होता है, तो भारत से आने वाले सामान पर टैक्स 50 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इस स्थिति से निपटने के लिए भारत के पास कई विकल्प हैं।भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होने की उम्मीद थी। लेकिन, 5 दौर की बातचीत के बाद भी सहमति नहीं बन पाई।

भारत अपने कृषि और डेयरी सेक्टर को खोलने और रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए तैयार नहीं था। अमेरिका ने भारत से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत टैक्स लगाने की बात कही है। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग रुक सकता है। फिर भी, भारतीय अधिकारी उम्मीद कर रहे हैं कि बातचीत से कुछ हल निकल सकता है। अमेरिका की एक व्यापार टीम इस महीने भारत आने वाली है।

**कैसे निकल रहा है बीच का रास्ता?**

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि वे देश के किसानों, डेयरी सेक्टर और मछुआरों के हितों से समझौता नहीं करेंगे, भले ही 'भारी कीमत' चुकानी पड़े। हालांकि, भारतीय अधिकारी कुछ अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों जैसे बादाम और पनीर पर टैक्स



कम करने के लिए तैयार हैं।

2-भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है। भारत ने पहले कहा था कि अगर रूस से तेल खरीदना मुश्किल हो जाता है, तो वह दूसरे देशों से तेल खरीद सकता है। 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने से पहले भारत रूस से बहुत कम तेल खरीदता था। लेकिन अब, भारत अपने तेल का एक तिहाई से ज्यादा हिस्सा रूस से खरीदता है। रूस के अलावा, इराक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात भी भारत को तेल बेचते हैं। भारत लगभग 40 देशों से तेल खरीदता है, जिसमें अमेरिका भी शामिल है।

3-भारत के साथ-साथ ब्राजील भी ट्रंप के टैक्स का निशाना है। दोनों देश ब्रिक्स समूह के सदस्य हैं। इस समूह में चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका भी शामिल हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने कहा कि वे मोदी, शी जिनपिंग और अन्य नेताओं से बात करेंगे कि इस टैक्स का जवाब कैसे दिया जाए।

4-एक भारतीय सरकारी सूत्र ने कहा कि भारत को अमेरिका के साथ संबंधों को धीरे-धीरे सुधारना होगा। साथ ही, उन देशों के साथ ज्यादा जुड़ना होगा जिन्हें ट्रंप के टैक्स और सहायता में कटौती का सामना करना पड़ा है। इनमें अफ्रीकी संघ और ब्रिक्स शामिल हैं। भारत रूस और चीन के साथ कुछ समझौते कर रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल भारत आने वाले हैं। इससे पहले, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रूस गए थे और विदेश मंत्री भी जाने वाले हैं। रूस ने कहा कि दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर बात की है।

5-भारत ने चीन के साथ भी संबंध बढ़ाए हैं। 2020 में सीमा पर हुई झड़प के बाद दोनों देशों के बीच तनाव था। मोदी कुछ हफ्तों में चीन जाने वाले हैं। वे एक क्षेत्रीय सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में मोदी, पुतिन और शी जिनपिंग मिल सकते हैं।

**क्या है सबसे बड़ा जोखिम:** जानकारों का मानना है कि इसका असर टेक पेशेवरों के लिए वर्क वीजा और सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर भी पड़ेगा। भारत लंबे समय से अमेरिकी वीजा कार्यक्रमों और सॉफ्टवेयर और बिजनेस सेवाओं की आउटसोर्सिंग से फायदा उठा रहा है। लेकिन, इससे अमेरिका में कई लोगों की नौकरियां चली गई हैं, क्योंकि भारत में सस्ते कर्मचारी मिल जाते हैं।

## वर्ग पहेली 5817

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | ■ | 8 | | | | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | 11 | 12 | | 13 | |
| ■ | 14 | ■ | ■ | 15 | | | |
| 16 | | ■ | 17 | | | ■ | ■ |
| 18 | | | | ■ | 19 | 20 | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | 24 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1923 को इस प्रख्यात धाराशास्त्री व भूतपूर्व केंद्रीय कानून मंत्री ने जन्म लिया था (7)
7. चालीस सेर की एक तौल, हृदय, (2)
8. आक्रम करने वाला (5)
10. अतिदान देन के कारण सूतपुत्र कर्ण इस नाम से भी जाने जाते थे (4)
11. असफल, विफल (5)
15. संगमरमर, एक तरह का सफद पत्थर (4)
16. होलिकात्सव पर गाया जाने वाला गीत (2)
17. यह सऊदी अरब का एक पवित्र नगर, ग्रांथिक रूप से इस शब्द का अर्थ है शहर या नगर है (3)
18. भटका हुआ, पथ भ्रष्ट (4)
19. कुछ समय के लिए रूकना, ठहरना (3)
22. महिला ईसाई पादरी यह कहलाती है (2)
23. निशाना, अनुमेय (2)
24. फौज का दस्ता (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. रामभक्त होने के कारण हनुमान का एक नाम, दक्षिण भारत के प्रसिद्ध महात्मा जो छत्रपति शिवाजी के गुरू थे (4)
2. गहन चिंतन करने का भाव (3)
3. अस्थाई रूप से रहना, रूकना, टिकना (4)
4. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
5. भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाले क्रिकेटर (7)
6. नींव का अपभ्रंश (2)
9. रहनुमा, पथ प्रदर्शक (4)
12. सुखांत रचना को यह भी कहा गया है (2)
13. तीन घंटे का समय, पहर (2)
14. आने का भाव (2)
16. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
17. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, राजा का निवास, अंतपुर (3)
20. मुझे को मराठी में यह कहते है (2)
21. वस्तु, प्राणी आदि का बोधक सूचक शब्द, प्रसिद्ध, शोहरत (2)

### वर्ग पहेली 5816 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | जा | न | ■ | श्री | यु | त |
| ना | म | ज | द | ■ | ग | ग | न |
| या | ■ | म | ■ | ■ | णे | ■ | ब |
| ल | य | ■ | सा | ■ | श | ह | द |
| य | म | ज | ■ | सु | ■ | वा | न |
| ■ | दू | री | भू | त | ■ | म | ■ |
| घा | त | ■ | त | ■ | आ | ह | त |
| ना | ■ | सु | त | ह | ■ | ल | ब |

# एआई को लेकर गूगल के पूर्व अधिकारी ने की भविष्यवाणी, 2027 से शुरू होगा बहुत बुरा दौर

*जॉब मार्केट में कई नौकरियों में एआई ने इंसानों को रिप्लेस कर दिया है। अब गूगल के पूर्व एग्जीक्यूटिव मोगावट का एक बयान आया है। जिसमें उन्होंने लोगों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि, आने वाले 15 साल में एआई इंसानों को नरक दिखा देगा बुरा दौरा साल 2027 से शुरू होगा।*

(कुसुम)

आर्टिफिशियल एंटेलिजेंस के आने के बाद से इंसान के लिए कई काम आसान हो गए हैं। हालांकि, इससे इंसानी जिंदगी जितनी आसान हो गई है उससे इंसानों की मुश्किलें भी काफी बढ़ गई हैं। एआई इंसानों के रिप्लेसमेंट के तौर पर भी उभर रहा है। जॉब मार्केट में कई नौकरियों में एआई ने इंसानों को रिप्लेस कर दिया है। अब गूगल के पूर्व एग्जीक्यूटिव मोगावट का एक बयान आया है। जिसमें उन्होंने लोगों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि, आने वाले 15 साल में एआई इंसानों को नरक दिखा देगा बुरा दौरा साल 2027 से शुरू होगा।

मोगावट ने डायरी ऑफ सीईओ पॉडकास्ट में कहा है कि, एआई आने वाले समय में व्हाइट कॉलर जॉब्स को खत्म कर देगा। यानी जिन नौकरियों के लिए पढ़ाई या डिग्री जरूर है उन पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने अपनी स्टार्टअप कंपनी ईएमएमए.लव का उदाहरण देते हुए बताया कि पहले ऐसी कंपनी को चलाने के लिए 350 लोगों की जरूरत पड़ती थी। लेकिन अब मात्र 3 लोग ये काम कर रहे हैं। एआई का फायदा कुछ अमीर और पावरफुल लोगों को ही मिलेगा, आम लोगों की नौकरियां तो जाएंगी।

पॉडकास्ट में मोगावट ने बताया कि एआई नौकरियां खत्म करेगा और आर्थिक असमानता को बढ़ाएगा। नौकरिया खत्म होने के बाद लोग आजीविका के साथ-साथ जीवन का उद्देश्य भी खो देंगे। इससे मानसिक समस्याएं होंगी, अकेलापन होगा और सामाजिक विभाजन भी बढ़ेगा। मिडिल क्लास जैसा कुछ नहीं बचेगा।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको सफलता प्राप्त करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। किसी व्यक्ति के सहयोग मिलने से आपका जरूरी काम भी पूरा हो सकता है जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कार्यस्थल पर विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। आपको कुछ मामलों में नई योजनाएं भी बनानी पड़ सकती हैं।

### वृष
आज किसी भी काम में ज्यादा उत्साह और जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। ऐसा करने से बनता हुआ कार्य भी बिगड़ सकता है और आपको समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कुछ आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं के चलते भी आपकी परेशानी बढ़ सकती और तनाव का सामना भी करना होगा।

### मिथुन
आज आपको अप्रत्याशित लाभ प्राप्त हो सकता है और समाज में मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। लेकिन लेन-देन के समय सावधानी बरतनी होगी, अन्यथा आपका कोई काम बिगड़ सकता है। परिवार में चल रही समस्याओं को एक साथ बैठकर सुलझाना बेहतर होगा।

### कर्क
आज अपनी मेहनत से मनचाहा लाभ प्राप्त हो सकता है। कामकाज के सिलसिले में आपको दूर की यात्रा करनी पड़ सकती है। अगर आपके कुछ जरूरी काम अधूरे पड़े हैं, तो अब उन्हें समय पर पूरा करना जरूरी होगा अन्यथा नुकसान हो सकता है।

### सिंह
आज धीरे-धीरे आपके सारे काम बनते जाएंगे, जिससे मानसिक तनाव भी काफी हद तक कम होगा। व्यापार में लाभ कमाने के अवसर मिलेंगे और अच्छे दिनों की शुरुआत के संयोग भी बन रहे हैं। जिससे आपके जीवन में खुशियां आएंगी। लेकिन आर्थिक मामलों में खर्च बढ़ सकता है।

### कन्या
आज कार्यक्षेत्र में कामकाज से जुड़े कई शुभ समाचार सुनने को मिल सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और बिगड़े काम भी धीरे-धीरे बनने लगेंगे। आपको उन कार्यों पर भी ध्यान देना होगा जिनको इस समय पूरा करना महत्वपूर्ण होगा। परिवार में संतान को लेकर थोड़ा चिंतित रह सकते हैं।

### तुला
आज कारोबार के मामले में अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप बेहद अच्छा काम करेंगे और आसपास के लोगों पर भी गहरा प्रभाव छोड़ेंगे। अगर समस्याओं का सामना कर रहे थे तो अब वे भी दूर होती जाएंगी। समय के अनुसार चलने से आपको उन्नति प्राप्त होगी। लेकिन सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है। आपको आंखों या पेट से जुड़ी समस्या परेशान कर सकती है।

### वृश्चिक
मुश्किल काम आज आसानी से पूरे हो सकते हैं और लाभ कमाने के भी कई अवसर प्राप्त होंगे। इससे आपके धन में भी वृद्धि हो सकती है। नौकरी करने वालों का दिन भी अच्छा रहने वाला है। लेकिन किसी बात को लेकर सिर दर्द या मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहेगी।

### धनु
आज किसी वाहन या आवास से जुड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सोच-समझकर फैसले लेना बेहतर रहेगा। व्यापार में आपको कोई शुभ संदेश प्राप्त हो सकता है, जिससे उत्साह बढ़ेगा और मित्रों का सहयोग मिलने से भी मन प्रसन्न रहेगा। आपको पर्याप्त मात्रा में धन लाभ भी होगा लेकिन, परिवार से जुड़ी कोई समस्या परेशान कर सकती है।

### मकर
आज कामकाज के सिलसिले में नई योजनाएं भी बना सकते हैं, जिसमें मित्रों का सहयोग भी प्राप्त होगा। इससे आपके सोचे हुए कार्य पूरे हो सकते हैं और विरोधियों से भी छुटकारा मिल सकता है। आपको परिवार में किसी प्रॉपर्टी से जुड़े विवाद को सुलझाने की भी जरूरत पड़ सकती है। नौकरी करने वालों का दिन सामान्य रहने वाला है।

### कुंभ
आज किसी प्रोजेक्ट में सफलता प्राप्त हो सकती है या योजनाएं भी सफल हो सकती हैं, जिससे आर्थिक लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त होंगे। आपको अपने मामा की ओर से भी कोई लाभ प्राप्त हो सकता है और घर में पुराने मित्र मिलने आ सकती है। लेकिन कार्यक्षेत्र में आपको किसी पर बेवजह संदेह करने से बचना होगा, अन्यथा हानि हो सकती है।

### मीन
आज दिन लाभकारी रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप मधुर वाणी और व्यवहार से परिस्थिति को अनुकूल बनाए रख सकते हैं। अगर कामकाज में कोई समस्या आ रही थी तो अब वह दूर हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही, विरोधी आपके काम से हैरान रह जाएंगे। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में पार्किंग को लेकर अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या, पुलिस ने 2 लोगों को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभिनेत्री हुमा कुरैशी के कजन भाई आसिफ कुरैशी की दिल्ली के निज़ामुद्दीन इलाके में देर रात पार्किंग को लेकर हुए विवाद में हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार भी जब्त कर लिया गया है। घटना गुरुवार रात करीब 10 बजे की है, जब आसिफ कुरैशी ने दो लोगों से अपने स्कूटर घर के मुख्य द्वार से दूर पार्क करने को कहा। बहस के बाद वे लोग मौके से चले गए, लेकिन दोबारा आने की धमकी दी। आसिफ कुरैशी की पत्नियों में से एक शाहीन आसिफ कुरैशी ने बताया, रात करीब साढ़े नौ-दस बजे, एक पड़ोसी ने हमारे घर के ठीक बाहर स्कूटर पार्क कर दिया। शाहीन ने आगे कहा, मेरे पति आसिफ ने उससे गाड़ी हटाने को कहा। उस आदमी ने आसिफ को गालियाँ दीं और दोबारा आने की धमकी दी। एक मामूली पार्किंग अनुरोध जानलेवा साबित हुआ। शाहीन ने आगे कहा, कुछ ही मिनटों में वह आदमी अपने भाई के साथ आया और आसिफ पर धारदार हथियार से वार कर दिया। मैंने अपने जीजा जावेद को फ़ोन किया, लेकिन जब तक वह पहुँचे, आसिफ काफ़ी खून बह चुका था और उसकी मौत हो गई। आसिफ को ईस्ट ऑफ़ कैलाश स्थित राष्ट्रीय हृदय संस्थान ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी कि दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के भोगल इलाके में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में अभिनेत्री हुमा कुरैशी के एक रिश्तेदार की किसी नुकीले हथियार से वार कर हत्या कर दी गयी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में दो लोगों को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि भोगल के चर्च लेन निवासी आसिफ कुरैशी पर बृहस्पतिवार देर रात हुई तीखी बहस के दौरान किसी नुकीली चीज से हमला किया गया, जिससे उसके सीने में गंभीर चोट आयी। पुलिस के अनुसार, यह घटना रात करीब साढ़े 10 बजे हुई जब आसिफ की अपने घर के सामने एक स्कूटर खड़ा करने को लेकर एक व्यक्ति से बहस हुई। उसने बताया कि झगड़ा इतना बढ गया कि आसिफ पर किसी नुकीले हथियार से कथित तौर पर हमला किया गया, जिससे उसके सीने में गहरा घाव हो गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया और उसे एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत हजरत निजामुद्दीन थाने में मामला दर्ज किया गया है।

### महादेवी हथिनी के लिए एक नई शुरुआत, कोल्हापुर में वंतारा खोलेगा पुनर्वास केंद्र

**कोल्हापुर , एजेंसी।** अनंत अंबानी की वंतारा ने करुणा और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए एक ऐसा समाधान सुझाया है, जो जनता की भावनाओं, मठ के नेतृत्व और जानवरों की भलाई - इन सभी के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करता है। यह मामला कोल्हापुर की मंदिर हथिनी महादेवी से जुड़ा है। इसे माधुरी के नाम से भी जाना जाता है। वंतारा ने कोल्हापुर के नंदनी इलाके में महादेवी के लिए एक खास पुनर्वास केंद्र बनाने का प्रस्ताव रखा है। बल्कि कोल्हापुर के लोगों और जैन मठ की उससे भावनात्मक जुड़ाव को भी सम्मान देगा। ऐसा केंद्र भारत में पहली बार बनाया जाएगा। यह पहल दिखाती है कि वंतारा परंपरा के सम्मान के साथ-साथ वैज्ञानिक देखभाल और संवेदनशीलता को भी महत्व देता है। यह केंद्र जैन मठ, महाराष्ट्र सरकार और हाई-पावर कमेटी की सलाह से और अंतरराष्ट्रीय स्तर की हाथी देखभाल के मानकों के अनुसार बनाया जाएगा। अनंत अंबानी की वंतारा टीम यह दिखा रही है कि भावनात्मक जुड़ाव, आधुनिक चिकित्सा और मिलकर काम करने का तरीका - ये सब एक साथ आकर जानवरों की भलाई के लिए बेहतरीन समाधान दे सकते हैं।

# कौन बनेगा देश का अगला उपराष्ट्रपति? रेस में शामिल हुए 2 नए नाम, जल्द होगा ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत के अगले उपराष्ट्रपति पद को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने आधिकारिक रूप से तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को संसद भवन परिसर में आयोजित एक अहम बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को एनडीए की ओर से उम्मीदवार चयन का अधिकार सौंपा गया। बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह, जदयू नेता ललन सिंह, शिवसेना (शिंदे गुट) के श्रिकांत शिंदे, टीडीपी के लवू श्री कृष्ण देवरायालु और लोजपा (रामविलास) के चिराग पासवान शामिल थे।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से यह पद रिक्त है और राजनीतिक हलकों में अगले उपराष्ट्रपति को लेकर कयासों का दौर जारी है। कई नामों की चर्चा हो रही है, हालांकि भाजपा ने पिछली बार भी धनखड़ के नाम की घोषणा कर लोगों को चौंका दिया था।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व रेल राज्यमंत्री रहे हैं। उन्होंने हाल ही में अपना पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा किया है। उन्हें अनुच्छेद 370 हटाने के बाद क्षेत्र में स्थिरता लाने का श्रेय दिया जाता है। हालांकि उनके कार्यकाल का अंत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की छाया में हुआ, जिसमें 26 लोगों की जान गई। इसके बावजूद उनकी दावेदारी मजबूत मानी जाती है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीबी नेता माना जाता है।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना का नाम भी चर्चाओं में है। कॉर्पोरेट क्षेत्र से आने वाले सक्सेना ने दिल्ली की राजनीति में आम आदमी पार्टी की सरकार के खिलाफ कई प्रशासनिक फैसले रोके, जिससे उनकी केंद्र सरकार के प्रति निष्ठा और सक्रियता सामने आई। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि उन्हें अब बड़ी भूमिका सौंपी जा सकती है।

बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार को लेकर भी चर्चा तेज है कि वे उपराष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो सकते हैं। हालांकि यह अटकलें अभी अपुष्ट हैं। उनकी सेहत को लेकर भी हाल के दिनों में कई सवाल उठे हैं। एनडीए के कुछ सहयोगी दलों का मानना है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से हटकर राष्ट्रीय राजनीति में नई भूमिका निभा सकते हैं। जदयू के पूर्व नेता उपेन्द्र कुशवाहा और अन्य नेताओं ने इस ओर इशारा किया है कि नीतीश अब नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपना चाहते हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह जदयू से आते हैं। उन्हें भी एक विश्वसनीय और अनुभवी चेहरा माना जाता है। 2020 से इस पद पर रहते हुए उन्होंने सदन में कई बार संतुलन बनाए रखा है और सरकार के साथ उनकी साफ समझ रही है। उन्होंने इस बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का भरोसा जीता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एनडीए इस बार राजनीतिक संतुलन, सामाजिक प्रतिनिधित्व और अनुभव को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार चुनेगा। सबकी निगाहें इस पर हैं कि प्रधानमंत्री मोदी किस नाम पर मुहर लगाते हैं। वहीं विपक्ष भी जल्द ही अपने उम्मीदवार को लेकर मंथन शुरू कर सकता है, जिससे मुकाबला दिलचस्प हो सकता है।

## इंदौर की इस बात से प्रभावित महाराष्ट्र की मंत्री ने कही कॉपी करने की बात

**इंदौर, एजेंसी।** महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे इंदौर शहर के कचरा प्रबंधन मॉडल को देखकर इतनी प्रभावित हुई कि उन्होंने ना केवल इसकी सराहना की बल्कि यह भी कहा कि वह देश के इस सबसे साफ शहर में स्वच्छता के लिए किए गए नवाचारों को अपने राज्य में भी दोहराएंगी। मुंडे महाराष्ट्र सरकार की एक टीम के साथ बुधवार को इंदौर में थीं और यहां के कचरा प्रबंधन मॉडल को समझने के लिए आई थीं। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम के अधिकारियों ने उन्हें शहर की कचरा प्रबंधन प्रणाली से संबंधित विभिन्न केंद्रों का दौरा कराया और उनके बारे में जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने सफाई के क्षेत्र में इंदौर द्वारा हासिल की गई कामयाबी की तारीफ करी और यहां किए गए प्रयोगों को महाराष्ट्र के शहरों में भी दोहराने की बात कही।

इस बारे में संवाददाताओं से बात करते हुए मुंडे ने कहा, इंदौर ने पिछले 10 वर्षों में जनता और गैर-सरकारी संगठनों को साथ लेकर बेहद प्रभावशाली तरीके से स्वच्छता के क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया है। हम निश्चित रूप से स्वच्छता के क्षेत्र में इस शहर में हुए कुछ नवाचारों को महाराष्ट्र में दोहराना चाहेंगे। उन्होंने यहां तक कहा कि स्वच्छता और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में इंदौर में जो कुछ नवाचार हो रहे हैं, उन्हें वैश्विक स्तर पर भी अपनाया जाएगा। मुंडे ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में होने वाले आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के बाद, वह निर्वाचित प्रतिनिधियों को इंदौर भेजेंगी ताकि वे इस शहर से कचरा प्रबंधन के गुर सीख सकें। इस बारे में एक सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए मुंडे ने लिखा, कबीट खेड़ी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा कर ट्रेंचिंग ग्राउंड एवं सीएनजी प्लांट का भ्रमण करते हुए, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर इंदौर के मेयर श्री पुष्पमित्र भार्गव जी सहित जनप्रतिनिधियों एवं निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इंदौर नगर पालिक निगम ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे के पहाड़ का कुशलता से निष्पादन कर, इसे दर्शनीय पार्क में परिवर्तित कर दिया है।

## वोट चोरी के दावों पर राहुल गांधी के समर्थन में आए शशि थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी के साथ अपनी अनबन के चलते सुर्खियां बटोरने वाले सांसद शशि थरूर ने राहुल गांधी के वोट चोरी संबंधी दावों का समर्थन किया है। उन्होंने शुक्रवार को राहुल के दावों को लेकर कहा कि यह एक गंभीर प्रश्न है, निर्वाचन आयोग को इसका समाधान करने के लिए तत्काल ही कोई कदम उठाना चाहिए। पिछले काफी समय में यह पहली बार है, जब शशि थरूर राहुल गांधी द्वारा उठाए गए किसी सवाल या दावे के समर्थन में आए हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस से जुड़ी एक वीडियो रिपोस्ट करते हुए थरूर ने इसका समर्थन किया। थरूर ने लिखा, यह गंभीर प्रश्न हैं, जिनका सभी दलों और सभी मतदाताओं के हित में गंभीरता से समाधान किया जाना चाहिए। हमारा लोकतंत्र इतना मूल्यवान है कि इसकी विश्वसनीयता को अक्षमता, लापरवाही या जानबूझकर छेड़छाड़ से नष्ट नहीं होने दिया जा सकता।

केरल से कांग्रेस सांसद थरूर ने आगे कहा, निर्वाचन आयोग को तत्काल कदम उठाना चाहिए और आयोग के प्रवक्ता को देश को इस बारे में सूचित करते रहना चाहिए। गौरतलब है कि कल इंडिया ब्लॉक की डिनर मीटिंग के दौरान राहुल गांधी ने अपने आवास पर वोट चोरी से जुड़ी एक प्रजेंटेशन दी थी। इससे पहले उन्होंने दावा किया था कि कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा में 1 लाख से ज्यादा वोटों की चोरी की गई है। उन्होंने चुनाव आयोग से सीधा सवाल करते हुए कहा कि वह भाजपा के साथ मिला हुआ नहीं है तो वह इस बात को साबित करे। राहुल ने महादेव पुरा सीट का हवाला देते हुए कहा कि हमारी तरफ से बार-बार वोटरों का इलेक्ट्रॉनिक डेटा मांगे जाने के बाद भी चुनाव आयोग उसे उपलब्ध कराने में असमर्थ रहा है न ही हमें सीसीटीवी फुटेज दिए जा रहे हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि दाल में कुछ काला जरूर है।

# इंस्टाग्राम पर बिक रहे थे अवैध हथियार, यूपी की यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्र पकड़े

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।**
यूपी के मुजफ्फरनगर में थाना सिविल लाइन पुलिस व क्राइम ब्रांच ने इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से अवैध असलाहों को बेचने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों से पुलिस ने तीन पिस्टल, एक रिवाल्वर, नौ तमचे, दो मस्कट व एक स्कूटी बरामद की है। गिरफ्तार सभी आरोपी मेरठ जनपद के रहने वाले हैं और इनमें एक छात्र भी शामिल है। मुजफ्फरनगर में अवैध हथियारों की डिलीवरी करने के लिए आए थे।

पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने अपनी टीम व क्राइम ब्रांच को साथ लेकर मुखबिर की सूचना पर संधावली अंडर पास के बराबर से अवैध हथियारों की तस्करी करने आए तस्कर आकिब निवासी लखीमपुरा थाना लिसाडी गेट मेरठ, सालिक, आरिफ व असद निवासीगण निवासी मोहल्ला बनियापाडा थाना कोतवाली नगर मेरठ व कुश कौशिक निवासी मोहल्ला खजूरी दरवाजा थाना किला परीक्षितगढ़ मेरठ को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गिरोह का सरगना सालिक है। इसके अलावा गिरोह के सदस्य अन्य जनपदों से



अवैध हथियार लाकर जनपद व आसपास के जनपदों में सप्लाई करते हैं। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्करों ने जनपद के कई अपराधियों को अवैध हथियार सप्लाई किए हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ है।

आरोपी कुश कौशिक मेरठ के विवि का छात्र है। वह कालेज से एमसीए की पढ़ाई कर रहा है। फेल होने के कारण पैसे की कमी की वजह से वह इस गिरोह से जुड़ गया। आरोपी आरिफ कपड़े की दुकान पर नौकरी करता है। अन्य मजदूरी करते हैं। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि तस्करों को पकड़ने में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एसआई प्रशांत कुमार, एसआई सानू चौधरी, हैड कांस्टेबल सोविन्द्र ,अंकित, ब्रहमदेव, सुधीर, तरुण पाल, विक्रांत को दस हजार का इनाम देने की घोषणा की है। यह गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफार्मों व इंस्टाग्राम पर रील बनाने वाले युवकों को अपने जाल में फंसाते है। गिरोह के लोग रील बनाने वाले युवकों को रील में अवैध हथियारों के साथ रील बनाने के लि ए कहकर उन्हें अवैध हथियार बेचने का काम करते थे।

## गांव में दूसरी तरफ नहीं जा सकते दलित, सवर्णों ने बनाई छुआछूत की दीवार

**करूर , एजेंसी।**
तमिलनाडु के करूर जिले के मुथुलादमपट्टी गांव में एक दीवार ने दो समुदायों के बीच गहरा विवाद खड़ा कर दिया है। अनुसूचित जाति के तहत आने वाले अरुंथथियार समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया है कि थोट्टिया नायकर जाति के सवर्ण हिंदुओं ने एक 200 फीट लंबी और 10 फीट ऊंची दीवार बनाई है। यह दीवार दलितों की आवाजाही को रोकने के लिए बनाई गई है। उन्होंने इसे छुआछूत की दीवार नाम दिया है। यह दीवार सरकारी पोरंबोक (सरकारी स्वामित्व वाली सार्वजनिक जमीन) पर बनाई गई है, जो करूर कलेक्टर कार्यालय से महज एक किलोमीटर दूर स्थित है। अरुंथथियार समुदाय का कहना है कि यह दीवार उन्हें गांव के अन्य हिस्सों, विशेष रूप से ऊंची जातियों के इलाकों में जाने से रोकती है। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, दलितों का कहना है कि



उन्होंने जब दीवार निर्माण की जानकारी पाई तो राजस्व अधिकारियों से इसकी शिकायत की। थंथोनी गांव के ग्राम प्रशासनिक अधिकारी ने मौके का निरीक्षण कर थोट्टिया समुदाय को मौखिक रूप से कार्य रोकने को कहा, लेकिन उन्होंने इन निर्देशों की अनदेखी करते हुए दीवार का निर्माण तेजी से पूरा कर लिया। दीवार को लेकर आक्रोशित अरुंथथियार समुदाय ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और दीवार को गिराने की मांग की। इस विरोध के चलते राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। इसके बाद दो बार शांति बैठकें हुईं-पहली 13 जुलाई को तहसीलदार की अध्यक्षता में और दूसरी 29 जुलाई को राजस्व विभागीय अधिकारी की ओर से। हालांकि, समुदाय का कहना है कि अब तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है। दलित समुदाय से आने वाले 57 वर्षीय पी. मरुधाई ने कहा, यह दीवार हमें हमारे ही गांव में अलग-थलग करने का प्रतीक है। यह सीधा-सीधा जातिगत भेदभाव है और हमें अपमानित करने का तरीका। उनका आरोप है कि ऊंची जातियों के लोग उन्हें मंदिर उत्सव के दौरान सार्वजनिक 'नाटक मंच' के उपयोग की अनुमति नहीं देते, यहां तक कि जब वे अपने लिए अलग मंच या शौचालय बनाना चाहते हैं, तब भी उन्हें रोका जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 50 वर्षीय एस. दुरैयासामी ने कहा, हमें ऊंची जातियों के इलाकों में बिना चप्पल के ही जाने को मजबूर किया जाता है। अगर हम चप्पल पहनकर चले जाएं, तो वे गालियां देते हैं और चिल्लाते हैं।

## लोकतंत्र बचाने का समय, खड़गे ने राहुल का किया समर्थन, ईसी पर सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष में काम करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर तीखा हमला करते हुए उस पर सत्तारूढ़ दल के प्रतिनिधि की तरह काम करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के अपने संवैधानिक कर्तव्य में कथित रूप से विफल रहने का आरोप लगाया। खड़गे ने एक्स पर लिखा कि एक वक़्त था जब भारत के चुनाव आयोग की वाहवाही पूरे विश्व में होती थी। कितने ही देश हमारे चुनाव आयोग से निष्पक्ष चुनाव कराने की ट्रेनिंग लेते थे। जब कोई राजनीतिक दल चुनाव आयोग से सवाल पूछता था वो संविधान की मर्यादा के दायरे में उसका जवाब या स्पष्टीकरण देते थे। खड़गे ने आगे कहा कि आज जब कोई ईसीआई से सवाल पूछता है तो वो जवाब नहीं बल्कि सत्ता पक्ष के नुमायंदे की तरह उलटे इल्ज़ाम लगाता है, विपक्षी पार्टियों की माँगों पर गौर किये बिना केवल अनर्गल बयानबाज़ी करता है। उन्होंने आगे कहा कि आज राहुल गांधी ने कर्नाटक की महादेवापुरा सीट के, गहन जाँच के बाद, उदहारण देकर, बताया कि किस तरह से चुनाव आयोग ने एक चुनाव में ही घोर धाँधली होने दी और अपने संवैधानिक कर्त्तव्य को तार-तार किया, जिसमें 1,00,250 वोटों की चोरी की गई। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि ये वोट चोरी पूरे देश में रणनीतिक तरीक़े से कई सीटों पर हो रही है।

## एक्सरसाइज कर रहे बच्चों को कुचल गया ट्रक, 4 की मौके पर मौत; पुलिस की तैयारी में जुटे थे

**गढ़चिरौली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में एक दर्दनाक हादसा हुई है। गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे छह किशोरों को कुचल दिया। हादसा कटली गांव के पास आर्मोरी-गड़चिरोली हाईवे पर सुबह करीब 5:15 बजे हुआ। इस दुर्घटना में चार लड़कों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी किशोर 12 से 16 वर्ष की उम्र के थे और रोजाना की तरह सुबह-सुबह कसरत कर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक किशोरों को कुचलता हुआ तेजी से मौके से फरार हो गया। यह सड़क आमतौर पर सुबह के समय फिटनेस प्रेमियों से गुलजार रहती है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने हाईवे पर यातायात रोककर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने एम्बुलेंस की देरी और समय पर इलाज नहीं मिलने को भी बच्चों की मौत का कारण बताया।

पुलिस ने हादसे में मारे गए चार किशोरों की पहचान कर ली है। इस हादसे में 14 साल के पिंकू भोयर, 16 साल के तनय मंकार, 14 साल के ही दिशांत मेश्राम और 16 साल के तुषार मर्बाटे की मौत हो गई।

# कन्हैयालाल हत्याकांड पर बनी उदयपुर फाइल्स सिनेमाघरों में रिलीज

**उदयपुर, एजेंसी।**
उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स आज देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। संवेदनशील विषय को देखते हुए उदयपुर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और प्रशासन ने शहरभर में अतिरिक्त फोर्स तैनात कर रखी है, ताकि फिल्म के प्रदर्शन के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति न हो।

कन्हैयालाल के बेटे यश तेली ने बताया कि वे परिवार सहित फिल्म देखने जाएंगे। उनका कहना है कि फिल्म में उनके पिता की तालिबानी तरीके से की गई हत्या और उससे जुड़े पूरे घटनाक्रम को दिखाया गया है। उन्होंने आम जनता से भी फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा कि यह फिल्म सच को सामने लाने का एक माध्यम है और हर किसी को इस घटना की सच्चाई जाननी चाहिए।




इस फिल्म की रिलीज पर पहले अंतरिम रोक लगी थी। 10 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने कुछ संगठनों और एक आरोपी मोहम्मद जावेद की याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां 25 जुलाई 2025 को फिल्म रिलीज की अनुमति मिल गई। हालांकि इसके बाद भी विवाद खत्म नहीं हुआ और मामला दोबारा दिल्ली हाईकोर्ट में पहुंचा।

1 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को फिल्म की समीक्षा कर निर्णय लेने के निर्देश दिए। इसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक समिति गठित की, जिसने फिल्म को देखकर रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर 6 अगस्त को फिल्म को रिलीज की मंजूरी दे दी गई। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सेंसर बोर्ड और फिल्म निर्माता ने समिति की सिफारिशों के आधार पर अतिरिक्त कट लगाए हैं, ताकि संवेदनशील पहलुओं का ध्यान रखा जा सके।

फिल्म के निर्माता अमित जानी ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में कहा कि इस फिल्म का मकसद किसी भी समुदाय को निशाना बनाना नहीं है, बल्कि एक सच्ची घटना को जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को हिला दिया था और फिल्म के जरिए उस समय की वास्तविकता को लोगों के सामने रखा गया है। फिल्म में अभिनेता विजय राज ने कन्हैयालाल की भूमिका निभाई है, जबकि रजनीश दुग्गल और प्रीति झांगियानी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

गौरतलब है कि 28 जून 2022 को उदयपुर के मालदास स्ट्रीट में टेलर कन्हैयालाल की दुकान में घुसकर गौस मोहम्मद और रियाज अत्तारी ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। इस वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया था। मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने संभाली और गौस मोहम्मद, रियाज अत्तारी सहित 11 आरोपियों के खिलाफ यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत चालान पेश किया।

इस मामले में दो आरोपी फरहाद उर्फ बबला और मोहम्मद जावेद को अब तक जमानत मिल चुकी है।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली को होगी उम्र कैद? गंभीर अपराध के आरोप में इंग्लैंड में गिरफ्तार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की क्रिकेट पर एक और दाग तब लग गया, जब उसके एक खिलाड़ी के इंग्लैंड में गिरफ्तार होने की खबर आई. गिरफ्तार हुए खिलाड़ी हैदर अली हैं. 24 साल के हैदर अली की जिस अपराध में गिरफ्तारी हुई है, अगर वो सही साबित होती है, तो उन्हें उम्र कैद भी हो सकती है. ऐसा इसलिए क्योंकि इंग्लैंड और वेल्स में उस अपराध के लिए कोई जगह नहीं है. उसे वहां गंभीर अपराध माना जाता है. अब आप सोच रहे होंगे कि हैदर अली ने अपराध क्या किया है? ऐसी खबर है कि गिरफ्तार पाकिस्तानी क्रिकेटर पर बलात्कार का आरोप है.

**इंग्लैंड में रेप गंभीर अपराध, उम्र कैद भी हो सकती है:** इंग्लैंड और वेल्स में बलात्कार एक गंभीर अपराध है. और, इस गंभीर क्राइम के लिए वहां सजा भी कठोर है. बलात्कार के आरोपी पर अगर दोष सिद्ध होता है तो जो सबसे बड़ी सजा वहां के कानून के हिसाब से उसे मिलती दिखेगी वो उम्र कैद की हो सकती है. ऐसे में मामलों में वहां औसतन 15 साल तक की सजा का प्रावधान है.

**23 जुलाई की घटना, हैदर अली हुए गिरफ्तार:** ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने बलात्कार की रिपोर्ट कन्फर्म करते हुए उसमें 24 साल के एक शख्स की गिरफ्तारी की बात कही. पुलिस ने हालांकि अपने बयान में गिरफ्तार हुए हैदर अली का नाम नहीं लिया था. पुलिस ने बताया कि रेप की ये घटना 23 जुलाई 2025 की है, जिसमें गिरफ्तारी हुई. अगली पूछताछ तक हैदर अली को जमानत पर रिहा कर दिया गया है.

**पीसीबी अपने लेवल पर करेगी जांच, हैदर को किया सस्पेंड:** हैदर अली पर लगे रेप के आरोप की जांच मैनचेस्टर पुलिस तो कर ही रही है. इधर पीसीबी ने बताया कि वो भी अपने लेवल पर घटना की जांच करेगी. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जांच जारी रहने तक हैदर अली को सस्पेंड कर दिया है. वो घटना की कानूनी कार्रवाई में पूरा सहयोग देगी. साथ ही हैदर अली को भी कानूनी मदद दी जाएगी.

**इस ग्राउंड से हुई हैदर अली की गिरफ्तारी:** दाएं हाथ के बल्लेबाज हैदर अली कुछ दिनों पहले पाकिस्तान शाहीन टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर थे, जहां वो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मुकाबला खेल रहे थे. ऐसी रिपोर्ट है कि केंट काउंटी के बैकेनहेम ग्राउंड में मैच खेला जा रहा था, जब ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस आई और हैदर अली को उठाकर ले गई थी.



नेशनल बैंक ओपन:

# पुरुष एकल में अमेरिका के बेन शेल्टन बने चैंपियन

**टोरंटो, एजेंसी।** शेल्टन ने 2023 में टोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में टोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7 (5), 13-11 से हराया।

# हम सभी को उसका समर्थन करना चाहिए

**● एशिया कप टीम में इस सीनियर बल्लेबाज को चाहते हैं अकरम**

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान), एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए देश के शीर्ष बल्लेबाज बाबर आजम की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी की मांग की है और टीम में एक अनुभवी खिलाड़ी की आवश्यकता पर जोर दिया है।

दिसंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी मैच के बाद से पाकिस्तान ने बाबर को टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से बाहर कर दिया है। उनके औसत दर्जे के स्कोर और निराशाजनक स्ट्राइक रेट के बाद यह स्पष्ट हो गया कि बाबर अब प्रबंधन की योजनाओं में नहीं हैं। एशिया कप के करीब आने और पाकिस्तान अभी भी इस रोमांचक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजन की तलाश में है, ऐसे में अकरम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बाबर को टीम में फिर से शामिल करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनके पास अधिकार होता, तो वह यह फैसला लेते। अकरम ने एक इंटरव्यू में कहा, अगर मेरे पास अधिकार होता, तो मैं बाबर आजम को राष्ट्रीय टी20 टीम में जरूर शामिल करता। एशिया कप और फिर विश्व कप नजदीक आ रहे हैं, और हमें एक सीनियर बल्लेबाज की जरूरत है। प्रशंसकों को याद होगा कि जब उन्होंने 2019 में समरसेट के लिए खेला था, तब उन्होंने लगभग 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। उनमें परिस्थिति के अनुसार अपनी बल्लेबाजी को ढालने की क्षमता है। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि स्विंग के सुल्तान ने परिस्थिति के अनुसार अपनी बल्लेबाजी शैली को ढालने की बाबर की क्षमता पर जोर देकर अपनी बात रखी। अकरम का मानना है कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक होने के नाते बाबर जिम्मेदारी उठा सकते हैं और बाकी टीम को अपने साथ ले जा सकते हैं। अकरम ने बाबर की वापसी की उम्मीद जताई, क्योंकि उनमें अभी भी बहुत कुछ बाकी है और विभिन्न पदों पर खेलने की उनकी बहुमुखी प्रतिभा उन्हें मुख्य कोच माइक हेसन के लिए एक अहम खिलाड़ी बनाती है।



उन्होंने कहा, जब हम 140 या 160 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं, खासकर बड़ी टीमों के खिलाफ तो हमें किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत होती है जो जिम्मेदारी ले सके और बाकी 10 खिलाड़ियों को अपने साथ लेकर चल सके। बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। वह अपने खेल को प्रारूप और मैच की स्थिति के अनुसार ढाल लेता है - उसने पहले भी ऐसा किया है और भविष्य में भी कर सकता है। अकरम ने कहा, बाबर में अभी भी बहुत क्रिकेट बाकी है और वह पाकिस्तान के लिए बहुत कुछ हासिल कर सकता है। हम सभी को उसका समर्थन करना चाहिए।

कोच बाबर को अपनी इच्छानुसार किसी भी स्थान पर खिला सकता है। मेरे विचार से तीसरा नंबर उसके लिए आदर्श है, लेकिन यह स्थिति पर निर्भर करेगा। अगर ज्यादा ओवर बचे हैं, तो कोई और भी पहले बल्लेबाजी के लिए उतर सकता है।

मैग्नस कार्लसन बने

# पहले शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 चैंपियन




**इस जीत के बाद कार्लसन ने कहा:-**

सेमीफाइनल वास्तव में सबसे कठिन था और आर्मागेडन की कुछ चालों ने ही फर्क पैदा किया। आज के मुकाबलों में मुझे अधिक नियंत्रण महसूस हुआ, खासकर पहले खेल के बाद। मैं कभी-कभी जल्दी चलने को तरजीह देता हूँ बजाय ज़्यादा सोचने के।

**रियाद, सऊदी अरब, एजेंसी।** विश्व नंबर एक नॉर्वे के ग्रांडमास्टर मैग्नस कार्लसन (टीम लिक्विड) ने ईरान के ग्रांडमास्टर अलीरेज़ा फिरौज़जा (टीम फाल्कन्स) को फाइनल में लगातार दो सेटों में 3-1, 3-1 से हराकर पहले शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ कार्लसन ने न केवल इतिहास रच दिया बल्कि 2,50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और अपनी टीम के लिए 1000 अंक भी अर्जित किए। फाइनल मुकाबला टेनिस की तरह तीन सेटों का था, जिसमें प्रत्येक सेट चार बाजियों का था। अगर ज़रूरत पड़ती तो तीसरा सेट दो बाजियों का होता। कार्लसन ने पहला सेट दो जीत और दो ड्रॉ से 3-1 से जीता।

दूसरा सेट फिरौज़जा ने एक जीत से शुरू किया, पर अगले तीनों बाजियाँ हारकर मैच भी गँवा दिया। तीसरे स्थान का मुकाबला-अमेरिका के ग्रांडमास्टर हिकारू नाकामुरा (टीम फाल्कन्स) ने भारत के ग्रांडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (टीम जेन.जी) को 3.5-2.5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

अर्जुन ने पहली बाजी में जीत दर्ज की थी, इसके बाद मुकाबला बराबरी पर चलता रहा लेकिन निर्णायक बाजी नाकामुरा ने जीतकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। नाकामुरा को 1,45,000 डॉलर और अर्जुन को 1,15,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

इस टूर्नामेंट में सभी बाजियाँ 10 मिनट के समय नियंत्रण पर खेली गईं। ई स्पोर्ट्स नियमों के अंतर्गत खिलाड़ियों को शोर-रहित हेडफोन पहनने और संगीत सुनने की छूट दी गई। कुल पुरस्कार राशि 15 लाख डॉलर थी और शतरंज खिलाड़ियों को 2.7 करोड़ डॉलर की ई-स्पोर्ट्स साझा इनामी राशि का हिस्सा भी मिला।

# गिल को सौंपी गई नॉर्थ जोन टीम की कमान

दलीप ट्रॉफी:




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। अब गिल को आगामी दलीप ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन टीम की कमान सौंपी गई है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 28 अगस्त से होने जा रही है। शुभमन गिल ने इंग्लैंड दौरे पर पांच मुकाबलों में 65.57 की औसत के साथ 754 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज खिताब से नवाजा गया। शुभमन गिल के अलावा, इस 15 सदस्यीय टीम में अर्शदीप सिंह, अंशुल कंबोज और हर्षित राणा शामिल हैं।

अंशुल कंबोज ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। राणा इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की ओर से खेले, लेकिन अर्शदीप को इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिल सका।इ गुरुवार को जोनल सेलेक्शन कमेटी ने घोषणा करते हुए बताया कि अगर गिल, अर्शदीप और राणा में से किसी को भी दलीप ट्रॉफी के साथ होने वाले मैचों के लिए भारतीय टीम में चुना जाता है, तो सर्विसेज के शुभम रोहिल्ला, पंजाब के गुरनूर बरार और हरियाणा के अनुज ठकराल को मुख्य टीम में शामिल किया जाएगा।

टीम इंडिया 9-28 सितंबर के बीच टी20 एशिया कप खेलेगी। नॉर्थ जोन की टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बडोनी और बल्लेबाज यश ढुल शामिल हैं, जिन्होंने 2022 अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारत की कप्तानी की थी।

दलीप ट्रॉफी छह टीमों वाले जोनल फॉर्मेट में खेली जाएगी, जिसके साथ 2025/26 घरेलू क्रिकेट सीजन की शुरुआत होगी। नॉर्थ जोन अपने अभियान की शुरुआत ईशान किशन की अगुवाई वाले ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले से करेगा। विजेता टीम सेमीफाइनल में साउथ जोन से भिड़ेगी।

**नॉर्थ जोन की टीम:**

शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उप-कप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी और कन्हैया वधावन (विकेटकीपर)।

# इंडिया अंडर-19 से भिड़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम का ऐलान, आर्यन शर्मा और यश देशमुख को मिला मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया अंडर-19 के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए शुक्रवार (8 अगस्त) को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के 15 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान हो गया। अगले महीने होने वाली भिड़ंत के लिए कंगारू टीम में भारतीय मूल के 2 खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और यश देशमुख का चयन हुआ है। आर्यन शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं,वहीं ऑलराउंडर यश देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें टीम में चुना गया है।2 मैचों की यूथ टेस्ट सीरीज 30 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच ब्रिस्बेन और मैके में खेली जाएगी। दौरे के लिए आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली इंडिया अंडर-19 टीम का पहले ही ऐलान हो चुका है।

साइमन बज, एलेक्स टर्नर, स्टीव होगन, विल मालजचुक, यश देशमुख, टॉम होगन, आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स, हेडन शिलर, चार्ल्स लैचमंड, बेन गॉर्डन, विल बायरोम,



केसी बार्टन, एलेक्स ली यंग, जेडन ड्रेपर।

रिजर्व- जेड हॉलिक, टॉम पैडिंगटन, जूलियन ओसबोर्न।

**इंडिया अंडर-19 टीम**

आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलान पटेल, उधव मोहन, अमन चौहान।

CWG 2030:

# राष्ट्रमंडल खेल टीम ने गुजरात के खेल राज्य मंत्री से मुलाकात की

**अहमदाबाद, एजेंसी।** सूत्रों ने बताया कि हाल और उनकी टीम अहमदाबाद में विभिन्न वेन्यू का दौरा करने आई थी और राज्य सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारत की राष्ट्रमंडल खेल 2030 की



मेजबानी की आकांक्षा के बीच राष्ट्रमंडल खेल की एक टीम ने इसके निदेशक ( खेल ) डेरेन हाल की अगुवाई में गुजरात के खेल राज्य मंत्री हर्ष सांघवी से मुलाकात की। राष्ट्रमंडल खेल की टीम तीन दिन से अहमदाबाद में थी और विभिन्न स्टेडियमों का दौरा किया। इसके साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की इच्छा जताने वाला आशय पत्र पहले ही जमा कर दिया है। तीन दिन पहले राष्ट्रमंडल खेल (पूर्व नाम राष्ट्रमंडल खेल महासंघ) की टीम अहमदाबाद पहुंची थी। भारत को अगर मेजबानी मिलती है तो खेल इसी शहर में होंगे।

बॉक्सिंग:

# अंडर 19 एशियाई चैंपियनशिप में पांच पदक पक्के, पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में

**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत के पांच पुरूष मुक्केबाज भी अंडर 19 एशियाई चैम्पियनशिप में अपने-अपने भारवर्ग के मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे उनका पदक पक्का हो गया है। शिवम (55 किलो ), मौसम सुहाग (65 किलो ), राहुल कुंडू (75 किलो), गौरव (85 किलो) और हेमंत सांगवान (90 किलो ) ने अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले सात महिला मुक्केबाज भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। अंडर 19 और अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप साथ में हो रही है। भारत के अंडर 22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के हो गए हैं। शिवम ने उजबेकिस्तान के अब्दुलअजीज अब्दुनाजारोव को 5-0 से हराया, जबकि मौसम ने किर्गीस्तान के मुखम्मद अलीमबेकोव को 3-2 से मात दी। राहुल ने दक्षिण कोरिया के ऊंजो जियोंग को हराया जब रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। गौरव ने चीनी ताइपै के कुआंग याओ चेंग को मात दी। हेमंत ने उजबेकिस्तान के मुहम्मदरिजो सिद्दीकोव को हराया। कृष हालांकि 90 प्लस वर्ग में ईरान के अब्बास घर्शास्बी से हार गए।




रिपोर्ट:

# आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स छोड़ना चाहते हैं संजू सैमसन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले संजू सैमसन सुर्खियों में आ गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान आगामी सीजन के लिए नीलामी से पहले टीम से रिलीज होना चाहते हैं। संजू इसकी जानकारी आईपीएल-2025 की समाप्ति के तुरंत बाद फ्रेंचाइजी को दे चुके थे। राजस्थान रॉयल्स के 2025 सीजन की समीक्षा बैठक जून में हुई थी। फ्रेंचाइजी ने अभी तक संजू सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है। संजू को मनाने का विकल्प अभी भी खुला है।

फ्रेंचाइजी के मालिक मनोज बडाले इस मामले पर अंतिम निर्णय हेड कोच राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर लेंगे। अगर फ्रेंचाइजी सैमसन को रिलीज करने का फैसला करती है, तो उन्हें किसी अन्य फ्रेंचाइजी को ट्रेड किया जा सकता है, या फिर संजू नीलामी में उतर सकते हैं। आईपीएल अनुबंध के अनुसार, ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय फ्रेंचाइजी का होता है। विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने साल 2013 में आईपीएल डेब्यू किया था। उन्होंने राजस्थान की ओर से साल 2015 तक खेला, जिसके बाद दिल्ली ने उन्हें अपने साथ जोड़ा।




दिल्ली के साथ दो सीजन बिताने के बाद संजू साल 2018 में एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स लौटे और इसके बाद से अब तक उन्होंने इसी फ्रेंचाइजी की ओर से खेला। संजू सैमसन की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल-2025 में 14 मुकाबले खेले, जिसमें महज चार ही जीते। टीम को 10 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। महज आठ अंकों के साथ राजस्थान रॉयल्स की टीम प्वाइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर रही।

चेन्नई ग्रांड मास्टर्स:

# अर्जुन की जीत से शुरुआत , निहाल जर्मनी के विन्सेंट से हारे







**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के अब तक के सबसे मजबूत ग्रांड मास्टर्स क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रांड मास्टर्स शतरंज के पहले दिन पहले राउंड के पाँच मुकाबलों मे दो परिणाम जीत और हार के तौर पर सामने आए । प्रतियोगिता के टॉप सीड ग्रांड मास्टर भारत के अर्जुन एरीगैसी नें एक बार फिर अपने अभियान आरंभ जीत के साथ किया है , अर्जुन नें यूएसए के आवोण्डर लियांग के खिलाफ सफेद मोहरो से राय लोपेज ओपनिंग मे एक प्यादा कुर्बान करते हुए रोचक बाजी खेली और 49 चालों मे जीत दर्ज की । वहीं भारत के निहाल सरीन को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ एक करेबी हार का सामना करना पड़ा , काले मोहरो से ओपनिंग मे अंत तक चले मुकाबले मे लगभग ड्रॉ होती बाजी मे पराजय का सामना करना पड़ा । अन्य तीन मुकाबलों मे भारत के विदित गुजराती नें नीदरलैंड के वान फॉरेस्ट जॉर्डन से , नीदरलैंड के अनीश गिरि ने यूएसए के रोबसोन रे से और भारत के दोनों खिलाड़ियों मुरलाई कार्तिकेयन और प्रणव वी के बीच बाजी बेनतीजा रही ।

# जिला जेल में रक्षाबंधन पर्व पर बंदियो से भेंट के लिए दिशा निर्देश जारी

**पन्ना।** जिला जेल पन्ना के उप जेल अधीक्षक राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने जेल विभाग द्वारा रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार, 9 अगस्त को जेल में निरूद्ध बंदियो के परिजनों से भेंट के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पुरूष बंदियों से मुलाकात और राखी बांधने के लिए केवल बंदी के परिवार की महिला सदस्यों एवं 6 वर्ष से कम आयु के बालक को ही जेल गेट के अंदर प्रवेश मिल सकेगा। बंदी से भेंट के लिए सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक पंजीयन होगा। इसी तरह महिला बंदियों के भाईयों को दोपहर 12 बजे के बाद भेंट व राखी बंधवाने का समय मिल सकेगा। मुलाकात का समय 10 मिनट निर्धारित है।

परिजन को आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पैन कार्ड इत्यादि में से कोई एक पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। कीमती सामान, पर्स, मोबाइल, नगद राशि इत्यादि परिजन को बाहर देकर ही जेल गेट पर प्रवेश मिल सकेगा। यह सामग्रियां जेल के अंदर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त तैयार भोजन तथा बाहर से निर्मित किसी भी प्रकार के मिष्ठान और नारियल को अंदर ले जाने पर भी रोक रहेगी। केवल मौसमी फल जैसे सेव, केला, अनार इत्यादि व पैक मिष्ठान ले जाने की अनुमति होगी।

जेल प्रशासन द्वारा हल्दी, चावल व सिंदूर इत्यादि के साथ पूजा की थाली उपलब्ध कराई जाएगी। महिलाओं को रूमाल और राखी स्वयं लेकर आना होगा। बंदी से मुलाकात के लिए आने वाले सभी परिजनों को बाहर एक साथ एकत्र होने पर ही बंदी से भेंट कराई जाएगी। मुलाकात स्थल पर बार-बार एक ही बंदी को नहीं बुलाया जाएगा। इस दौरान राशि के नगद लेन देन पर भी प्रतिबंध रहेगा। साथ ही तम्बाकू, बीड़ी, गांजा, चरस एवं अन्य मादक पदार्थ इत्यादि को जेल के अंदर ले जाना भी पूर्णत: वर्जित रहेगा। जेल प्रशासन द्वारा तलासी में पूर्ण सहयोग प्रदान कर किसी भी प्रकार का विवाद न करने के संबंध में भी सूचित किया गया है अन्यथा कानूनी व वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# लाड़ली बहनों को मिली अगस्त माह की सहायता राशि

**रक्षाबंधन शगुन के रूप में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि भी अंतरित**

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की महिला लाभार्थियों को 27वीं किश्त की 1250 रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इसके अलावा बतौर रक्षाबंधन शगुन बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि का भी अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गैस सिलेंडर रीफिलिंग की सहायता राशि का हस्तांतरण भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं व योजना की लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन को लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से देखा एवं सुना गया। जिले की समस्त ग्राम पंचायत व वार्डों में भी लोगों ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना। पन्ना जिले की एक लाख 82 हजार 162 लाड़ली बहनों को 22 करोड़ 29 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि तथा 4 करोड़ 57 लाख रुपए की विशेष सहायता राशि का भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना श्रेणी की 44 हजार 69 लाड़ली बहनों को 58 लाख 56 हजार रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण भी किया गया।

# हरिद्वार से आए योग शिक्षक ने छात्र-छात्राओं को सिखाए योग व प्राणायाम आसन



**पन्ना।** छात्र-छात्राओं के मानसिक और शारीरिक विकास को कैसे विकसित किया जाए एवं युवा पीढ़ी को नशा मुक्त करने हेतु गायत्री परिवार द्वारा विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं इसी क्रम में दिनांक 7अगस्त को रैपुरा ग्राम के शा.कन्या हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल वा रामकृष्ण हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में देव भूमि शांतिकुंज हरिद्वार से आए योग शिक्षक पंडित लवकुश तिवारी ने कक्षा 9वी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को ताड़ासन ,अर्ध चक्र कटिआसन, त्रियाकआसन, अनुलोम विलोम, केभ्रमरी प्राणायाम,के माध्यम से मानसिक विकास वा नशा मुक्ति के महत्व के बारे में जानकारी दी। और कहा कि स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करना आवश्यक है और करें योग - रहें निरोग के रास्ते पर चलना होगा। इस दौरान शा.कन्या हाई स्कूल प्राचार्य विनोद सिंह,रीता प्रजापति और हायर सेकेंडरी स्कूल रैपुरा प्राचार्य बालचंद लोधी, शिक्षक केसरी लोधी,शिक्षक प्रमोद शुक्ला, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के संचालक सत्यनारायण सोनी , ध्रुव लोधी, शिक्षक रामकृपाल गुप्ता, कैलाश सेन तहसील समन्वयक गायत्री परिवार रैपुरा,नंदन लोधी,योगेश लोधी,आनंद विश्वकर्मा ,सूर्य सिंह लोधी,ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# धूमधाम से मनाया जाएगा हरछठ एवं जन्माष्टमी महोत्सव

**पन्ना विधायक के प्रयास से दोनों पर्व राज्य सूची में शामिल**

**पन्ना।** विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के सार्थक प्रयासों की बदौलत संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा पन्ना के हरछठ एवं जन्माष्टमी महोत्सव को मध्यप्रदेश की राज्य सूची में शामिल किया गया है। अब आगामी 14 अगस्त को बलराम जयंती पर भगवान बल्दाऊ के जन्म दिवस और 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। विगत 29 मई को



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पन्ना नगर आगमन पर स्थानीय विधायक द्वारा परंपरागत भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा एवं हरछठ पर्व को संस्कृति विभाग के कैलेण्डर में शामिल करने की मांग की गई थी। इसके फलस्वरूप अब संस्कृति विभाग द्वारा गरिमामय एवं उल्लासपूर्वक आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

# मुख्यमंत्री कल्याणी सहायता योजना, पुनर्विवाह के लिए दी जाती है 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**पन्ना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के साथ मुख्यमंत्री विधवा विवाह योजना प्रारंभ किए जाने की घोषणा के फलस्वरूप उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ देने हेतु तथा विधवाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए मुख्यमंत्री विधवा विवाह योजना को मुख्यमंत्री कल्याणी सहायता योजना के नाम से आरंभ किया गया है। जिसमें कल्याणियों के पुनर्विवाह के लिए शासन द्वारा 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि मुहैया कराई जा रही है।

इस योजना के लाभ के लिए कल्याणी व कल्याणी का पति मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। कल्याणी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा कल्याणी के पति की आयु 21 वर्ष से अधिक हो।. कल्याणी के पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं कल्याणी द्वारा इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि मृत्यु प्रमाण पत्र में मृतक आवेदिका का पति था। कल्याणी को परिवार पेंशन प्राप्त न हो रही हो। कल्याणी आयकरदाता न हो। कल्याणी शासकीय सेवक न हो, कल्याणी का जिस व्यक्ति से विवाह होना है, उसकी पत्नी जीवित न हो।

विदित हो कि कल्याणी विवाह सहायता का लाभ प्राप्त होने पर विभाग द्वारा संचालित अन्य विवाह या निकाह योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा। कल्याणी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के सामूहिक विवाह में विवाह संपन्न होता है तो उस दशा में केवल कल्याणी विवाह योजना का ही लाभ देय होगा। कल्याणी विवाह योजना के लिए सामूहिक विवाह में विवाह करने का बंधन नहीं होगा। कल्याणी विवाह सहायता का लाभ कल्याणी के द्वारा विवाह करने पर ही देय होगा तथा यह कल्याणी विवाह सहायता राशि पूरे जीवनकाल में एक बार ही देय होगी। कल्याणी के विवाह उपरांत 7 वर्ष के भीतर विवाह विच्छेद होने पर दी गई सहायता राशि कल्याणी से वसूल की जाएगी।

कल्याणी विवाह सहायता योजना के आवेदन पत्र जिस जिले से विवाह प्रमाण पत्र जारी हुआ है, उस जिले के कलेक्टर, उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण के कार्यालय में दस्तावेज सहित जमा करना अनिवार्य होगा। कल्याणी विवाह सहायता योजना की स्वीकृति के लिए जिला कलेक्टर स्वीकृतकर्ता अधिकारी होंगे। योजना के लाभ के लिए कल्याणी व उसके पति का मूल निवास प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आयु प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र, पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र होना चाहिए।

# स्वतंत्रता दिवस आयोजन के संबंध में अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए निर्देश

**पन्ना**

अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी के संदेश का सजीव प्रसारण मुख्य समारोह में किया जाएगा। सजीव प्रसारण प्रात: 9.25 बजे से आरंभ होगा। उन्होंने प्रसारण के लिए जिलों में समारोह स्थल में एलईडी व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि 15 अगस्त से पूर्व सजीव प्रसारण का रिहर्सल कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के संदेश में स्थानीय उपलब्धियों को भी शामिल किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पूर्व वर्षों की भांति समारोहपूर्वक व्यवस्थित रूप से गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# खाद वितरण केंद्र पर उमड़ी किसानों की भीड़, पुलिस पंहुची



**मैहर।** मैहर अब जिला बन गया है लेकिन किसानों को खाद लेने में भारी मशक्कत अभी भी करनी पड़ रही है। यहां तक कि किसानों को खाद दिलाने के लिए मैहर पुलिस को अपने दूसरे काम छोड़कर किसानों को खाद दिलाना पड़ रहा है। शहर में लगातार खाद की किल्लत के कारण आज कटिया खाद वितरण समिति केंद्र पर किसानों कीअत्यधिक भीड़ देखी गई। स्थिति को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे अनुशासन बनाए रखते हुए क्रमबद्ध तरीके से खाद प्राप्त करें। साथ ही सभी किसानों को शांतिपूर्वक ढंग से खाद लेने के लिए समझाइश दी।

# नगर परिषद नागौद में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

**सतना।** राज्य शासन द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में शुक्रवार को नगर परिषद नागौद में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिभा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगरीय निकाय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जनपद पंचायत नागौद में तिरंगा रैली निकाली गई।

# बाघ ने किया चरवाहे पर हमला, जिला चिकित्सालय में चल रहा इलाज

**पन्ना।** जिले के दक्षिण वन मंडल अंतर्गत अमानगंज रेंज के द्वारी बीट जसवंतपुरा के जंगल में एक बाघ द्वारा बकरी चरा रहे चरवाहे पर हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया घायल का इलाज जिला चिकित्सालय पन्ना में चल रहा है जानकारी के अनुसार राम भक्त पाल अपने अन्य साथियों के साथ जंगल में बकरी चराने गया था इस दौरान झाड़ी से निकलकर बाघ ने उस पर हमला कर दिया तथा उसे उठाकर फेंक दिया जिससे उसके शरीर के अनेक अंगों में चोटे आई है अन्य चरवाहों द्वारा शोर मचाकर बाघ को भगाया गया तथा फिर घायल राम भगत




को स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है ज्ञात हो की कुछ दिनों से उक्त क्षेत्र में बाघ की चहल कदमी की जानकारी मिल रही थी।

# जिले में अब तक 720.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 8 अगस्त तक 720.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 867.2 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 618.7 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 880.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 651.2 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 670.8 मि.मी., नागौद में 869.9 मि.मी., जसो (नागौद) में 375.2 मि.मी. एवं उचेहरा में 830.3 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 444.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# जिला क्रिकेट संघ में खिलाड़ियों का पंजीयन शुरू



**मैहर।** जिला क्रिकेट संघ मैहर में खिलाड़ियों के पंजीयन 7 अगस्त से प्रारंभ होगें जो आगामी 25 अगस्त तक जारी रहेंगे। जिला क्रिकेट संघ के सचिव ने बताया कि जिला क्रिकेट संघ एवं संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य है जिसमें 25 अगस्त तक सत्र 2025-26 के लिए क्रिकेट खिलाडियों के पंजीयन की प्रक्रिया की जायेगी अत: तय समय सीमा में पंजीयन अवश्य करवाएं। उन्होंने बताया कि इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ी पंजीयन हेतु जेल रोड स्थित क्रिकेट स्टेडियम जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय से पंजीयन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

क्रिकेट संघ की वार्षिक गतिविधियों में केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को पंजीयन हेतु आधार कार्ड, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, पिछले तीन शिक्षा सत्र की अंकसूची संलग्न करना आवश्यक होगा।

# संविधान देश का आधार है: कलेक्टर

**छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर दिया हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान का संदेश**

**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना सहित जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयो के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा तिरंगा रैली एवं राखी निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तेज बारिश की परवाह किए बिना, स्वयंसेवकों ने जोश और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर तिरंगा रैली में भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा सतना शहर के शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड होते हुए पुनः कन्या महाविद्यालय वापस लौटकर संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं से तिरंगा राखी बांधने के साथ हुई। कलेक्टर ने उपस्थित एनएसएस स्वयंसेवकों तथा महाविद्यालय के स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए उन्हें जीवन में सफल होने के लिए हिम्मत और मेहनत के साथ आगे बढने का मूल मंत्र दिया। कलेक्टर ने कहा कि संविधान देश का आधार है। संविधान में सबको समानता का अधिकार दिया गया है। इसलिए संविधान की मूल भावना और प्रस्तावना को अच्छी तरह समझ ले और देश का अच्छा नागरिक बने। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, शासकीय स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एससी राय, शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शोभा गुप्ता, एनएसएस की जिला संगठक डॉ. क्रांति मिश्रा, पूर्व प्राचार्य डॉ. ए. के. पाण्डेय, डॉ. प्रज्ञा द्विवेदी, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. गरिमा सिंह, शकुंतला त्रिपाठी, पुष्पनाथ मिश्रा, दीप्ति शुक्ला, शर्मिला सिंह और शिवांगी दहायत ने भी एनएसएस टीम तथा सुदर्शन पब्लिक स्कूल के स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में रैली का नेतृत्व विपिन सेन ने किया। जबकि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्चना कुशवाहा तथा सभी महाविद्यालयों के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मैहर जिले में अब तक 715.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मैहर।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 8 अगस्त 2025 तक 715.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 781 मि.मी., मैहर में 628.1 मि.मी. एवं रामनगर में 737 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 640.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्राओं ने भेंट किये राष्ट्रीय ध्वज और पौधे

**सतना।** पर्यावरण संरक्षण और हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को तक्षशिला एकेडमी अमरपाटन की छात्राओं ने एसडीएम डॉ. आरती सिंह और एसडीओपी ख्याति मिश्रा को राष्ट्रीय ध्वज तथा 11 पौधे भेंट किये। तक्षशिला एकेडमी अमरपाटन इको हब द्वारा चलाया जा रहे पर्यावरण सरंक्षण अभियान के तहत एस?ीएम और एसडीओपी कार्यालय अमरपाटन पहुंचकर छात्राओं ने पौधारोपण के लिए एसडीएम आरती सिंह, एसडीओपी ख्याति मिश्रा तथा थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते को 11 पौधे भेंट किये। साथ ही पेंटिंग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा झंडा व पेंटिंग भी एसडीएम आरती सिंह तथा एसडीओपी ख्याति मिश्रा को सौपी गई। एसडीएम और एसडीओपी द्वारा छात्राओं के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आने वाली पी?ियों के लिए भी जरूरी है। इस मौके पर तक्षशिला एकेडमी के डायरेक्टर आनंद द्विवेदी, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रही।

## सैनिक सम्मेलन 11 अगस्त को

**सतना।** सतना एवं मैहर जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं आश्रितों को 11 अगस्त को प्रात: 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना के सभाकक्ष में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में आईसीआईसी बैंक लिमिटेड सतना की टीम के द्वारा स्पर्श पोर्टल, स्पर्श ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, पेंशन तथा दस्तावेजीकरण की समस्याओं के निदान एवं जीवन प्रमाण पत्र संबंधी जानकारी दी जायेगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) ने भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

# आपदा की घड़ी में सरकार आपके साथ : मुख्यमंत्री

**28 हजार से अधिक आपदा प्रभावितों को 30 करोड की राहत राशि अंतरित**

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन भोपाल से आयाजित कार्यक्रम में प्रदेश के अतिवृष्टि एवं बाढ से प्रभावित 28 हजार से अधिक आपदा पीडित परिवारों को सिंगल क्लिक के माध्यम से 30 करोड रूपये की राहत राशि का अंतरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीडितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख, संकट की घडी में सरकार हमेशा आपके साथ खडी रहेगी। राहत राशि वितरण का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय में सतना कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में लाभांवित हितग्राहियों के मध्य देखा गया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एसडीएम राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, अधीक्षक भू अभिलेख एमएल तिवारी, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड सुनीत कुमार मिश्र भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अतिवृष्टि से बाढ प्रभावित जिले शिवपुरी, गुना, मऊगंज, दमोह, रायसेन, छिंदवाडा के बाढ पीडित नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर राहत एवं पुर्नवास कार्य का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने बाढ के दौरान सेवा और राहत कार्य में जुडे नागरिकों एवं स्वयं सेवकों तथा शासकीय कर्मियों की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। आपदा और संकट की चुनौती पूर्ण घडी में हम सब बंधुत्व की भावना से एक साथ मिलकर खडे होते है। आपदा की घडी में शासन, प्रशासन और सरकार ने आपके पास पहुंचकर बचाव और राहत के प्रयास किये। संकट की घडी में सरकार आपके साथ हमेशा खडी रहेगी। उन्होंने बताया कि बाढ और अतिवृष्टि प्रभावित 28 हजार परिवारों को 30 करोड रूपये की राशि खाते में डाली जा रही है। फसल क्षति की राशि इसमें शामिल नहीं है। इसके पूर्व आपदा प्रभावितों को आरबीसी 6-4 के तहत 28 करोड रूपये पूर्व में जारी किये गये थे। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 123 करोड की राशि का वितरण प्रभावितों को आरबीसी 6-4 के तहत किया गया है। जिलों को आपदा प्रबंधन के कार्य में कठिनाई नहीं हो, इसके लिए 23 लाख रूपये दिये गये हैं। आगामी समय में रक्षाबंधन, बलराम जयंती, स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के त्यौहार की शुभकामनायें देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्यौहार हमारा हौसला बढाते हैं। सभी लोग मिल-जुलकर त्यौहार मनाये। आपदा प्रभावितों के लिए अंतरित 30 करोड की राशि में सतना जिले के कुल 172 प्रभावितों परिवारों को 25 लाख 22 हजार 700 रूपये की राशि दी गई है। इनमें चित्रकूट के मंदाकिनी नदी के बाढ प्रभावितों को 50-50 किलो राशन अतिरिक्त रूप से दिया गया है।

निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने आज को राजस्व, जलकर विभाग वसूली एवं आउटडोर मीडिया के संबंध में समीक्षा बैठक ली।



## संकट में जनता की सेवा और सहायता करना सरकार का धर्म है : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से आपदा पीड़ितों को जारी की 30 करोड़ की राहत राशि

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से बाढ़ तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों को 30 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक से वितरित की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आपदा पीड़ितों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने 28 हजार 400 पीड़ितों के बैंक खाते में सहायता राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट में जनता की सेवा और सहायता करना सरकार का धर्म है। प्रदेश में कई स्थानों पर अचानक बाढ़ से हजारों लोग पीड़ित हुए। सरकार और प्रशासन ने तत्परता से उन्हें सहायता पहुंचाई। बचाव दलों ने कई लोगों के प्राण बचाए। बाढ़ और




अन्य प्राकृतिक आपदा से हमने कई लोगों को खोया और सम्पत्तियों का भी नुकसान हुआ। प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों को हर संभव सहायता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के समय मैंने कई जिलों का दौरा किया तथा राहत और बचाव कार्य की निगरानी की। बाढ़ सरकार और प्रशासन के लिए बहुत बड़ी चुनौती थी। सबने मिलकर इस संकट का सामना किया। सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी संकट के समय आमजनता की बढ़चढ़ कर सेवा की। बचाव दलों तथा प्रशासनिक अमले ने भी पूरी तत्परता और बहादुरी के साथ लोगों को आपदा से बचाया। अभी वर्षाकाल चल रहा है। सभी अधिक वर्षा की स्थिति में सचेत रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासी 9 अगस्त को उल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाएं। इसके बाद हमारा सबसे बड़ा त्यौहार स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाएगा। प्रदेशवासी अपने घरों में तिरंगा लगाकर और स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होकर इस त्यौहार को मनाएं। इसके बाद हम सब मिलकर बलराम जयंती और कृष्ण जन्माष्टमी पर्व भी मनाएंगे। प्रदेशवासियों को सभी पर्वों और त्यौहारों की मैं बधाई देता हूँ।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिवपुरी, गुना, मऊगंज, रायसेन तथा छिंदवाड़ा जिले के आपदा पीड़ितों और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। पीड़ितों ने बाढ़ से राहत और बचाव के लिए किए गए प्रबंधों तथा तत्परता से दी गई मदद के लिए सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व महापौर श्री वीरेन्द्र गुप्ता, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा बड़ी संख्या में आपदा पीड़ित शामिल रहे।

## वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान शिविर संपन्न

**रीवा।** वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत एक वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सगरा में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न नकल्याणकारी बैंकिंग योजनाओं, सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल सशक्तिकरण की विस्तृत जानकारी दी गई।

नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अपने संबोधन में गाँव की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय सेवाएँ पहुँचाने के महत्व को रेखांकित किया और इस कार्य में प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया और डिजिटल फ्रॉड से बचाव, केवाईसी अपडेट, नामिनी नामांकन और बैंकिंग से जुड़े




विभिन्न विषयों की विस्तार से जानकारी दी और जनता से जागरूक और सतर्क रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रमुख अजय खरे ने वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन से ही देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, इसलिए हर व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाएँ पहुँचाना हम सबका कर्तव्य है। राजीव कुमार झा ने जनधन बैंकिंग, खाता सुरक्षा योजनाएँ पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई जैसी योजनाओं के लाभ की जानकारी दी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की।

## जिले में अब तक 603.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 603.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में 8 अगस्त को 28 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 42 मिलीमीटर वर्षा सेमरिया तहसील में दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 739.9 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 557.1 मिलीमीटर, गुढ़ में 864 मिलीमीटर, सिरमौर में 554.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 549 मिलीमीटर, सेमरिया में 573 मिलीमीटर, मनगवां में 602 मिलीमीटर तथा जवा में 389 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी।

## हर घर तिरंगा अभियान में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**रीवा।** जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियाँ की जा रही हैं। आमजनता की अभियान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जनपद पंचायत रीवा, जनपद पंचायत गंगेव तथा मऊगंज जिले की नईगढ़ी जनपद पंचायत में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने भी तिरंगे के साथ रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया। कंदैला स्कूल के विद्यार्थियों ने भी तिरंगा रैली निकाली। सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।

## रीवा संभाग में अब तक 837 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** रीवा संभाग में 8 अगस्त को 24 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। संभाग में एक जून से अब तक 837 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 603 मिलीमीटर, मऊगंज में 1214.7 मिलीमीटर, सतना में 720.5 मिलीमीटर, मैहर में 715.3 मिलीमीटर, सीधी में 931.7 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 838.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 521 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्रोत बाणसागर बांध में 8 अगस्त को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 340.56 मीटर तक पहुंच गया है।

## कलेक्टर ने 40 अधिकारियों को दिया वेतनवृद्धि रोकने नोटिस

### सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले 40 अधिकारियों को मिला नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले 40 अधिकारियों को एक वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दिया है। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण न करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने पर नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। जारी अलग-अलग नोटिस के अनुसार कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम मनगवां संजय जैन, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी तथा एसडीएम सिरमौर पीके पाण्डेय को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने तहसीलदार सिरमौर अनुपम पाण्डेय, तहसीलदार गुढ़ अरूण यादव, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, तहसीलदार हुजूर ग्रामीण विन्ध्या मिश्रा, तहसीलदार सेमरिया अर्जुन बेलवंशी, तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान विनयमूर्ति शर्मा, तहसीलदार मनगवां आंचल अग्रहरी, तहसीलदार जवा जीतेन्द्र तिवारी तथा तहसीलदार त्योंथर राजेन्द्र शुक्ला को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिश्चन्द्र द्विवेदी सिरमौर, प्रवीण बसोड़ त्योंथर, सुलभ सिंह कुसाम जवा, संजय सिंह रायपुर कर्चुलियान, श्रीमती पूनम दुबे रीवा तथा श्रीमती प्राची चौबे गंगेव को भी नोटिस दिया है। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला तथा जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टाण्डेकर को भी नोटिस दिया है। कलेक्टर ने उपायुक्त सहकारिता ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, श्रम अधिकारी प्रिया अग्रवाल, प्राचार्य ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय श्रीमती अर्पिता अवस्थी, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग श्रीमती सुमन द्विवेदी, अधीक्षण यंत्री ऊर्जा विभाग बृजेश शुक्ला, जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग कमलेश्वर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा तथा अग्रणी बैंक प्रबंध जगमोहन को भी नोटिस दिया है। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला आयुष अधिकारी श्रीमती शारदा मिश्रा, उप संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, उप संचालक खनिज दीपमाला तिवारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी को भी नोटिस दिया है।

## प्रशस्ति पत्र के लिए नाम 12 अगस्त तक भेजें : सीईओ

**रीवा।** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को सुबह 9 बजे से एसएएफ मैदान रीवा में आरंभ होगा। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली जाएगी। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित? किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा है कि सभी कार्यालय प्रमुख स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किए जाने वाले शासकीय सेवकों के प्रस्ताव 12 अगस्त को शाम 5 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दें। प्रस्तावों में अधिकारी और कर्मचारी द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख करें। यदि किसी व्यक्ति को शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर विभागीय जाँच अथवा अन्य दण्ड दिए गए हैं तो उनके नाम प्रस्तावित न करें।

## जिले की दो लाख 92 हजार 917 महिलाओं को मिली लाड़ली बहना योजना की राशि

**रीवा।** रीवा जिले की दो लाख 92 हजार 917 महिलाओं को लाड़ली बहना योजना की अगस्त माह की राशि मिली है। लाड़ली बहनों को मासिक आर्थिक सहायता की 36 करोड़ 12 लाख पाँच सौ रुपए तथा रक्षाबंधन के पर्व पर विशेष आर्थिक सहायता सात करोड़ 31 लाख 60 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई है। गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय



कार्यक्रम में लाड़ली बहनों को योजना की राशि उनके खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह ने बताया कि योजना अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को रक्षाबंधन पर्व पर 250 रूपये की विशेष आर्थिक सहायता एवं माह अगस्त 2025 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले के समस्त ग्राम, ग्राम पंचायत एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के हितग्राही महिलाओं को दिखाया गया। जिले अंतर्गत समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के निर्देशन एवं उपस्थिति में योजना से संबंधित लाभार्थी महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया।

## मिशन कर्मयोगी में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण 11 से 14 अगस्त तक भोपाल में

**रीवा।** भारत सरकार के जनातीय कार्य मंत्रालय के तहत मिशन कर्मयोगी योजना क्रियान्वित की जा रही है। जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। रीवा जिले के मास्टर ट्रेनरों को 11 से 14 अगस्त तक भोपाल में होटल रिजेंटा में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह ने बताया कि सभी मास्टर ट्रेनरों को चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चयनित प्रशिक्षक प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। इन मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद जिले के 8 विकासखण्डों के 424 गांवों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## संदिग्ध 169 हितग्राहियों का 14 अगस्त तक करें सत्यापन : कलेक्टर

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों के सत्यापन और ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जिले में एकल सदस्यीय परिवार जिनकी आयु 18 साल से कम है ऐसे 98 सदस्य तथा 100 वर्ष आयु के 71 हितग्रा?ही सत्यापन के लिए शेष हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी एसडीएम, सीएमओ तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इनका 14 अगस्त तक अनिवार्य रूप से सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि हितग्राहियों की सूची एम राशन मित्र पोर्टल से प्राप्त करके संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, नगरीय निकाय के वार्ड प्रभारी तथा उचित मूल्य दुकानदार को उपलब्ध कराएं। इन व्यक्तियों का मौके पर जाकर सत्यापन करें। यदि हितग्राही पात्र है और निर्धारित पते पर उपलब्ध है तो उसका ई केवाईसी अपडेशन कराएं। यदि हितग्राही की उम्र पोर्टल में त्रुटिपूर्ण दर्ज है तो उसे आधार सेंटर पर जाकर अपडेट कराएं। इसी तरह 100 साल से अधिक आयु के 71 हितग्राहियों का भी शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। सत्यापन के दौरान अपात्र पाए जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खाद्यान्न पर्ची निरस्त करते हुए राशन मित्र पोर्टल से हितग्राही का नाम विलोपित करने की कार्यवाही करें।

## मुख्यमंत्री ने मऊगंज के आपदा पीड़ित से किया संवाद

**मऊगंज**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश भर के प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को वर्चुअल माध्यम से 30 करोड़ रुपए की राहत राशि जारी की। मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आपदा पीड़ितों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने मऊगंज जिले के ग्राम ढावा तिवरियान के आपदा पीड़ित राधेश्याम साकेत से संवाद किया। श्री साकेत ने बताया कि 16 और 17 जुलाई को लगातार बारिश से गांव में बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई। जिससे 50 से अधिक कच्चे मकान गिर गए। प्रशासन ने पीड़ितों को शिविर में रखकर निःशुल्क भोजन, पानी और उपचार की सुविधा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान कभी-कभी




हम सबकी परीक्षा लेते हैं। अतिवृष्टि से बाढ़ के कारण हम सब पर संकट आया। संकट की इस घड़ी में सरकार आमजनता के साथ है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से शामिल संजय कुमार जैन ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को शासकीय स्कूल में बनाए गए राहत शिविर में रखा गया। पीड़ित प्रत्येक परिवार को 25 किलो गेंहू और 25 किलो चावल निःशुल्क दिया गया। इसके अलावा जन सहयोग से एकत्रित राशि से भी पीड़ित परिवार को 10-10 हजार रुपए की सहायता दी गई है।

## ननि द्वारा राजस्व, जलकर विभाग वसूली एवं आउटडोर मीडिया के संबंध में समीक्षा बैठक

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने दिनांक 08 अगस्त को राजस्व, जलकर विभाग वसूली एवं आउटडोर मीडिया के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि जीआईएस सर्वेक्षण के दौरान डुप्लीकेट आईडी निर्मित होने पर जीआईएस सर्वेक्षण कार्य करने वाली कम्पनी को पैनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही 22 अगस्त तक सभी डुप्लीकेट आईडी को डिलिट कराये जाने के सख्त निर्देश दिए एवं कहा कि सभी वार्ड प्रभारी डुप्लीकेट आईडी को डिलिट कराये जाने के पश्चात इस बात का घोषणा पत्र दें कि अब मेरे वार्ड में कोई भी डुप्लीकेट आईडी शेष नही है। साप्ताहिक लक्ष्य के अनुरूप 50 प्रतिशत से कम वसूली करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों की एक वेतन वृद्धि रोके जाने के निर्देश दिए। वार्ड 12 के वार्ड प्रभारी का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही बड़े बकायादारों को तत्काल नोटिस जारी कर राशि जमा कराये जाने एवं जिन बडे बकायादारो द्वारा राशि जमा नही की जाती है उन पर सितम्बर माह से कुर्की कराये जाने के निर्देश दिए। उपराजस्व निरीक्षक सुधांशू विश्वकर्मा द्वारा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आवासीय भवनों के सम्पत्तिकर एवं जलकर वसूली की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक मे आउटडोर मीडिया पर चर्चा करते हुये शहर में बिना अनुमति के लगाये गये होर्डिंग, बैनर पर आउटडोर मीडिया विज्ञापन 2017 के तहत वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए साथ ही सप्ताह में एक दिवस फील्ड में जाकर वेरीफिकेशन के भी निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, सहायक आयुक्त सुश्री शीतल भलावी, श्री रामनरेश तिवारी, श्री केएन साकेत, सहायक राजस्व अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह, श्री नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक श्री रविप्रकाश मिश्र एवं वार्ड प्रभारी के साथ राजस्व अमला मौजूद रहा।

## जिले में अब तक 1214.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**मऊगंज।** मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 1214.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 1073.8 मिलीमीटर, हनुमना में 1338.4 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 1231.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 460.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में पिछले 24 घण्टों के दौरान 62.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। पिछले 24 घण्टों के दौरान तहसील मऊगंज में 66.4 मिलीमीटर, हनुमना में 72 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 50 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833